नई दिल्ली

शनिवार, 27 अप्रैल 2024

वैशाख मास कृष्ण पक्ष,
तृतीया वर्ष : 28, अंक : 16
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 39
न्यून. 24



09 तीरंदाजी विश्व कप: दीपिका सेमीफाइनल में तीरंदाजों के 4 पदक पक्के





THE POWER TO BE A CHAMPION
NOW DELIVERED TO YOUR HOME
A 36 year old legacy as India's premier champion creator, with 7400+ top educators who focus only on you
ALLEN
Home Delivery Receipt
Item
TO EVERY HOME DELIVERED ALL OVER INDIA
36-year legacy
7400+ top educators
AI Powered Learning App
Interactive Live Classes
Regular Homework & Review
24×7 Doubt Resolution
Personalised Quizzes
Improvement Book
Best-in-class study material
Personalised self-study plan
All India Test Series
Score Improvement plan
Mentoring Sessions
Regular PTMs and Reports
Total:
Specially for you
THE ALLEN APP
Try it now!
GET IT ON Google Play
Available on the App Store
Scan to Download
Thank you!
ALLEN
+91-9513736499
www.allen.in
JEE (MAIN + ADV.) | JEE (MAIN) | NEET (UG)
OLYMPIADS | CLASS 6-10
BATCHES STARTING FROM MAY 2024 ONWARDS
Register Now
A glimpse of our Classroom Program performance over the last 10 years
Rank #1 in JEE, AIPMT, NEET-UG and AIIMS 16 Times
MEDICAL Selections Eligible for Counselling 4,33,000
IIT-JEE Advanced Selections 30,000
Medals won by ALLEN Students in International Olympiad (IJSO) 37 out of 48
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing.

नई दिल्ली
शनिवार, 27 अप्रैल 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, तृतीया वर्ष : 28, अंक : 16
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 39
न्यून. 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी


haribhoomi.com

### यहां बच्चों के लिए भी विशेष सुविधा



रीवा। मध्यप्रदेश के रीवा जिले के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय स्थित मतदान केंद पर महिला मतदाताओं के साथ आने वाले बच्चों के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं।




# मतदान पर भारी पड़ा तापमान

## लोकसभा के दूसरे चरण के चुनाव में औसत 60.96 फीसदी मतदान, साल 2019 की तुलना में 9.13 फीसदी कम रहा

2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं

छत्तीसगढ़ के बस्तर और कांकेर संसदीय क्षेत्रों के 46 गांवों के मतदाताओं ने अपने ही गांव में स्थापित मतदान केंद्र में वोट डाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर मतदान हुआ। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे चरण के चुनाव में सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक कुल 60.96 फीसदी मतदान हुआ है। इन सीटों पर पिछली बार 70.09 फीसदी मतदान हुआ था। इसके ये मायने हैं कि इस बार इन 88 लोकसभा सीटों पर 9.13 फीसदी कम मतदान हुआ है।

बता दें, पहले इस चरण में 89 सीटों पर मतदान होना था, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे। दूसरे चरण में 1,202 उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें 1,098 पुरुष, 102 महिला और 2 थर्ड जेंडर प्रत्याशी हैं। दूसरे चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश की 8, महाराष्ट्र की 8, मध्य प्रदेश की 7, बिहार की 5, असम की 5, छत्तीसगढ़ की 3, पश्चिम बंगाल की 3, मणिपुर, त्रिपुरा और जम्मू-कश्मीर की एक-एक सीटें शामिल हैं। दूसरे चरण में कुल 1.67 लाख पोलिंग स्टेशन पर 15.88 करोड़ मतदाता रहे हैं। इनमें से 8.08 करोड़ पुरुष, 7.80 करोड़ महिलाएं और 5929 थर्ड जेंडर वोटर हैं। चुनाव आयोग के मुताबिक, बस्तर संभाग के 102 गांवों में पहली बार लोकसभा के लिए मतदान हुआ। पहली बार एक लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की गई। साथ ही छत्तीसगढ़ के बस्तर और कांकेर संसदीय क्षेत्रों के 46 गांवों के ▶▶ शेष पेज 5 पर

पहली बार एक लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की गई

सर्वाधिक मतदान त्रिपुरा में 78.63 प्रतिशत

सबसे कम मतदान महाराष्ट्र में 54.34 प्रतिशत

बस्तर संभाग के 102 गांवों में पहली बार मतदान हुआ



नार्थ त्रिपुरा में कड़ी सुरक्षा में हर वर्ग की महिला पूरे उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया।

### दो पक्षों में मारपीट, ईवीएम भी किया नष्ट

कर्नाटक में वोट देने या न देने को लेकर दो समूहों के बीच झड़प हो गई। शुक्रवार को चामराजनगर जिले के इंडिगानाथ गांव में एक मतदान केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें नष्ट कर दी गईं। जिला प्रशासन के अनुसार, पर्याप्त बुनियादी ढांचे के विकास की कमी के कारण लोगों ने दिन में ही चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया था लेकिन अधिकारियों की समझाइश के बाद चुनाव शुरू हुआ। एक समूह मतदान करना चाहता था तो एक दूसरा समूह चुनाव का बहिष्कार कर रहा था, इसी वजह से दोनों पक्षों में हंगामा हो गया और उन्होंने ईवीएम नष्ट कर दिया और पथराव भी किया।

### दूसरे चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत

| राज्य | प्रतिशत |
|---|---|
| त्रिपुरा | 78.63 |
| मणिपुर | 77.18 |
| छत्तीसगढ़ | 73.05 |
| पश्चिम बंगाल | 71.84 |
| जम्मू कश्मीर | 71.63 |
| असम | 70.68 |
| कर्नाटक | 67.00 |
| केरल | 65.28 |
| राजस्थान | 63.74 |
| मध्य प्रदेश | 56.60 |
| बिहार | 54.91 |
| यूपी | 54.74 |
| महाराष्ट्र | 54.34 |



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बेंगलुरु के जयनगर मतदान केंद्र पर मतदान किया। सीतारमण के साथ उनके पिता ने भी वोट डाला।



पूर्व पीएम और जनता दल (एस) के प्रमुख एचडी देवेगौड़ा ने कर्नाटक की हसन लोकसभा सीट से मतदान किया।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का जताया आभार

दूसरे चरण के मतदान के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि देश भर में जिन्होंने भी मतदान किया है, उन सभी लोगों का आभार। एनडीए के मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को निराश करता है। जनता एनडीए का सुशासन चाहती है। युवा और महिला मतदाता एनडीए को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।




### खबर संक्षेप

### डेलॉयट का अनुमान- जीडीपी की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहेगी




मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी

**नई दिल्ली।** डेलॉयट इंडिया ने मौजूदा वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह इसमें मुख्य कारक रहेंगे। डेलॉयट ने भारत की आर्थिक परिदृश्य पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है। प्रीमियम लक्जरी उत्पादों व सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है। डेलॉयट ने पिछले वित्त वर्ष के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को संशोधित कर 7.6 से 7.8% के बीच कर दिया है। जनवरी में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि के 6.9 से 7.2% की सीमा में रहने का अनुमान लगाया था। डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि तिमाही के आर्थिक परिदृश्य में श की जीडीपी वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में करीब 6.6 प्रतिशत और उसके अगले वर्ष 6.75 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है।

### नतीजों के बाद 45 दिनों तक सेफ रहेंगी ईवीएम, माइक्रो कंट्रोलर की भी हो सकेगी जांच

### ईवीएम विवाद खत्म : वीवीपैट के 100 फीसदी सत्यापन की मांग से जुड़ी सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में खारिज

# बैलेट पेपर से नहीं... 'ईवीएम' से ही होंगे चुनाव, यही सुरक्षित व विश्वसनीय

पीठ ने भारत के चुनाव आयोग से इस बात की जांच करने को कहा कि क्या वीवीपैट पर्चियों पर पार्टी के चुनाव चिन्ह के अलावा कोई बारकोड हो सकता है, जिसे मशीन से गिना जा सके।

कोर्ट ने कहा कि प्रचलित प्रणाली मतदाताओं को विफल नहीं करेगी और मतदान करने वाली जनता का जनादेश वास्तव में डाले गए और गिने गए वोटों में प्रतिबिंबित होगा।

### शीर्ष अदालत के निर्देश

*01. चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को पोलिंग एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील किया जाना चाहिए, और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा*

*02. कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट को मतगणना के परिणाम के बाद मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों के इंजीनियर सत्यापित करेंगे*

*03. दूसरे और तीसरे सबसे अधिक वोट हासिल करने वाले उम्मीदवारों द्वारा किए गए लिखित अनुरोध पर परिणाम की घोषणा के बाद ईवीएम निर्माताओं के इंजीनियरों की एक टीम जले हुए मेमोरी सेमीकंट्रोलर की जांच करेगी*

*04. सभी उम्मीदवार या उनके प्रतिनिधि सत्यापन के समय उपस्थित रह सकते हैं। ऐसा परिणाम घोषित होने की तारीख से 7 दिनों की अवधि के भीतर किया जाना चाहिए।*

*05. सत्यापन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, वास्तविक लागत या खर्च चुनाव आयोग द्वारा अधिसूचित किया जाएगा और उम्मीदवार इसका भुगतान करेंगे। अगर ईवीएम में गड़बड़ी पाई गई तो पैसा वापस कर दिया जाएगा।*



कागजी मतपत्रों या ईवीएम के किसी भी विकल्प को वापस लाने के प्रतिगामी उपायों से बचना होगा

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की दो जजों की पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया। कोर्ट ने बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी खारिज कर दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कागजी मतपत्रों या ईवीएम के किसी भी विकल्प को वापस लाने के प्रतिगामी उपायों ▶▶ शेष पेज 5 पर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में डाले गए वोटों का वोटर-वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों के क्रॉस-वेरिफिकेशन की मांग वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया। कोर्ट ने फैसले में कहा है कि ईवीएम पर संदेह जताते हुए याचिकाएं पहले ▶▶ शेष पेज 5 पर

### पीएम मोदी बोले...

### मतपेटियां लूटने वालों को 'करारा जवाब' मिला



पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ईवीएम-वीवीपैट पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद विपक्ष पर करारा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ-साफ कह दिया है कि बैलेट पेपर वाला दौर वापस लौटकर नहीं आएगा। उन्होंने आरजेडी और कांग्रेस पर सीधे हमला बोला और कहा कि मतपेटियां लूटने वालों को करारा जवाब मिला है। ये निजी स्वार्थ से ईवीएम को बदनाम कर रहे थे।

### ईवीएम पर विपक्ष फिर बेनक़ाब, सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले का स्वागत: अनुराग ठाकुर



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा वीवीपैट की पर्चियां के मिलान की याचिका को खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं। आज एक बार फिर से विपक्ष बेनकाब हुआ है जो बार-बार अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ता है। इन्हें बार-बार जनता ठुकराती है और यह लोग ईवीएम को गलत बता कर भ्रम फैलाने की कोशिश करते हैं। विपक्ष से अनुरोध है कि चुनाव मुद्दों पर और विचारधारा पर लड़ें। हम भारत को आगे बढ़ना चाहते हैं। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण हमारी पहचान है। दूसरी ओर विपक्ष ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच का ईसी से सवाल अगर नोटा पर ज्यादा वोट पड़े तो क्या दोबारा चुनाव होगा?



मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा की तरफ से सर्वोच्च अदालत में ये याचिका दायर की गई है। याचिका में मांग की गई है कि अगर नोटा बटन को सबसे ज्यादा वोट मिलते हैं तो उस स्थिति में दोबारा चुनाव करवाने की व्यवस्था होनी चाहिए। खेड़ा ने तो यहां तक कह दिया है कि जिस भी प्रत्याशी को किसी भी सीट पर नोटा से भी कम वोट मिलते हैं तो उसे पांच साल के लिए चुनाव लड़ने से रोक देना चाहिए, वो किसी भी प्रकार का चुनाव न लड़ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मालदा में भाजपा की रैली में उमड़े जनसैलाब की ओर इशारा करते हुए पीएम मोदी ने कहा- आपका प्यार मुझे ये सोचने पर मजबूर करता है

# मैं पिछले जन्म में बंगाल में पैदा हुआ था या मेरा अगला जन्म बंगाल में होगा



बंगाल के युवाओं को टीएमसी की 'कट-एंड-कमीशन' संस्कृति के कारण नुकसान उठाना पड़ा



एजेंसी ▶▶ मालदा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव रैली में पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा और राज्य के लोगों के प्रति अपना स्नेह दोहराया। मालदा में भाजपा की रैली में उमड़े जनसैलाब की ओर इशारा करते हुए मोदी ने कहा कि आपका प्यार मुझे सोचने पर मजबूर करता है कि मैं पिछले जन्म में बंगाल में पैदा हुआ था या मेरा अगला जन्म बंगाल में होगा। पीएम मोदी ने कहा कि आप लोग इतनी बड़ी संख्या में आए हैं कि मैदान छोटा पड़ गया। आपको हुई असुविधा के लिए मैं माफी मांगता हूं। मैं आपका प्यार विकास के जरिए लौटाऊंगा।

### टीएमसी युवाओं के भविष्य से खेल रही

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में नौकरी घोटाले को लेकर टीएमसी पर भी हमला बोला। उन्होंने हाईकोर्ट के आदेश के बाद लगभग 26,000 नौकरियों को रद्द करने पर भी टीएमसी की आलोचना की। बंगाल के युवाओं को टीएमसी की 'कट-एंड-कमीशन' संस्कृति के कारण नुकसान उठाना पड़ा है, जो अब 'घोटाले' का पर्याय बन गया है। टीएमसी घोटालों में लिप्त है जिसका खामियाजा राज्य के लोगों को भुगतना पड़ता है। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे घोटालों में टीएमसी के शामिल होने ने न केवल बंगाल के युवाओं के भविष्य को खतरे में डाला है, बल्कि हजारों परिवारों पर भी खराब असर डाला है।

### शिक्षक भर्ती घोटाले ने परिवारों की आजीविका छीनी

मोदी ने कहा कि शिक्षक भर्ती घोटाले ने लगभग 26,000 परिवारों की आजीविका छीन ली। जिन युवाओं ने टीएमसी नेताओं को रिश्वत देने के लिए कर्ज लिया था, वे भी अब इसके बोझ तले दबे हुए हैं। केंद्र देश के युवाओं के लिए रोजगार पैदा करने की दिशा में काम कर रहा है। गौरतलब है कि इस हफ्ते की शुरुआत में कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की स्कूलों में राज्य स्तरीय चयन परीक्षा-2016 (एसएलएसटी) की भर्ती प्रक्रिया को 'अमान्य' घोषित कर दिया। साथ ही इसके जरिए की गई सभी नियुक्तियों को रद्द करने का आदेश दिया था।

# वॉट्सएप की धमकी-यदि एनक्रिप्शन 'तोड़ने' को कहा गया तो भारत छोड़ देंगे

मेटा की कंपनी ने आईटी रूल्स 2021 को चुनौती दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वॉट्सएप ने शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट में एनक्रिप्शन हटाने से इनकार कर दिया है।

इतना ही नहीं वॉट्सएप ने साथ ही यह भी कहा है कि अगर ऐसा करने पर मजबूर किया जाता है तो कंपनी भारत में अपना काम बंद कर देगी। दरअसल, मेटा की कंपनी ने आईटी रूल्स, 2021 को चुनौती दी है। खास बात यह है कि भारत में इंस्टेंट मैसेजिंग एप वॉट्सएप के 40 करोड़ से भी ज्यादा यूजर्स हैं। कंपनी का कहना है कि एंड टू एंड एनक्रिप्शन ▶▶ शेष पेज 5 पर



# युवाओं को नौकरी मांगने का होगा अधिकार बैंक में हर साल एक लाख डालेंगे ठकाठक

राहुल बोले- हर ग्रेजुएट को देंगे अप्रेंटिसशिप का अधिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में एक जनसभा के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार दुनिया में पहली सरकार होगी, जो अप्रेंटिसशिप का अधिकार हिंदुस्तान के हर बेरोजगार ग्रेजुएट को देने जा रही है। राहुल ने कहा कि ग्रेजुएट, डिप्लोमा होल्डर, कॉलेज ग्रेजुएट, यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट को सरकार से एक साल की नौकरी मांगने का अधिकार होगा। एक साल की नौकरी होगी ▶▶ शेष पेज 5 पर



नामांकन कक्ष से लेकर सुरक्षा व्यवस्था तक तैयारियां पूरी

# बैठक में तय हुआ 29 अप्रैल से शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया लघु सचिवालय के डीसी कोर्ट रूम में लिए जाएंगे नामांकन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर नामांकन का कार्य 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन के साथ ही शुरू हो जाएगा। इसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर नामांकन का कार्य 29 अप्रैल को नोटिफिकेशन के साथ ही शुरू हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि नामांकन को लेकर जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और नामांकन सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित डीसी कोर्ट रूम में लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी नामांकन कार्यों के लिए की गई तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ले रहे थे। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने निर्देश दिए कि नामांकन का कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न करवाया जाएगा। इसके लिए सभी नामांकनों की जांच, सिक्योरिटी राशि सहित सभी कार्यों के लिए अलग-अलग कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने मीटिंग में निर्देश दिए कि आने वाले प्रत्येक नामांकन की सबसे पहले कोर्ट रूम के बाहर की शुरूआती चेकिंग कर ली जाए। इसके बाद कंप्यूटर पर एलेक्ट्रोल रोल व कंप्यूटर में चेकिंग करें। इस पूरी प्रक्रिया के बाद सिक्योरिटी डिपोजिट करें और इसकी रसीद दें। इसके साथ ही नामांकन एफिडेविट व आवेदन के दूसरे तथ्यों की जांच करें।

नामांकन के दौरान प्रत्याशी के साथ 3 गाड़ियां व 5 व्यक्ति अंदर आ सकते हैं



### 100 मीटर के दायरे में पीडब्ल्यूडी द्वारा की जा रही बैरिकेडिंग

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि लघु सचिवालय के 100 मीटर के दायरे में पीडब्ल्यूडी द्वारा की जा रही बैरिकेडिंग की जांच करें और वहां पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं। उन्होंने कहा कि बैरिकेडिंग के अंदर सिर्फ प्रत्याशी के साथ तीन गाड़ियां व पांच व्यक्ति ही अंदर आ सकते हैं। इसके लिए वह मुख्य गेट का प्रयोग करेंगे। लघु सचिवालय अन्य कार्य से आने वाले आम जनता एटीएम साइट के गेट नंबर दो का प्रयोग करेंगे। मीटिंग में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इस नामांकन के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई प्रत्येक हिदायत का अक्षरशः पालन करें। उन्होंने कोर्ट रूम व अन्य स्थानों का निरीक्षण भी किया। बैठक में एडीसी डा. आनंद शर्मा, सीटीएम अंकित, एसीपी राजीव कुमार, डीडीपीओ प्रदीप कुमार, डीआईओ लक्ष्मी नारायण सहित नामांकन प्रक्रिया से जुड़े सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### पटककर 7 माह की बच्ची की हत्या करने वाला काबू

**गुरुग्राम ।** डीएलएफ फेज-3 एरिया में सात माह की बच्ची को पटककर हत्या करने के आरोपी को



पुलिस ने कुछ ही घंटों के दरमियान गिरफ्तार कर लिया। आरोपी स्नेचिंग के मामले में जेल से छूटकर आया था। वहीं पुलिस ने बच्ची का पोस्टमार्टम करा कार्रवाई शुरु कर दी है। शिकायत में बच्ची की मां ने कहा कि उसका पति बिहार के सीतागढ़ी मूल का विजय साहनी शराब बेचने के केस में दिल्ली में पकड़ा गया था। वहां से छूटने पर करीब चार वर्ष पहले चेन स्नेचिंग के केस में पकड़ा गया था ।

### मजदूर की तीन वर्षीय बच्ची के साथ दरिंदगी

**गुरुग्राम ।** भोंडसी थाना क्षेत्र के गांव रिठौज में निर्माण कार्य कर रहे एक मजदूर की तीन वर्षीय बच्ची के



साथ करीब 45 वर्षीय मजदूर द्वारा दरिंदगी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बच्ची खून से लथपथ हालत में एक मकान के पीछे पत्थरों के बीच फंसी मिली। वहीं इस वारदात के बाद आरोपी फरार है। बच्ची को गंभीर हालत में गुरुग्राम के नागरिक अस्पताल में एडमिट कराया गया है। वहीं इस घटना की सूचना सीन ऑफ क्राइम व फिंगर प्रिंट की टीमें भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

### वेदांतु के छात्रों ने जेईई मेन में मारी बाजी

**गुरुग्राम ।** । वेदांतु के छात्रों ने जेईई मेन 2024 में एक बार फिर से अपना परचम लहराया है। जिसमें



प्रणवानंद साजी एआईआर 31 के साथ ओवरसीज टॉपर रहे। जेईई ट्यूशन में अग्रणी वेदांतु के सीईओ और सह संस्थापक वामसी कृष्णा ने छात्रों के शानदार परिणामों पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सफलता हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण तथा वेदांतु के पढ़ाने के तरीकों की प्रभाविता की पुष्टि करती है। उन्होंने बताया कि वेदांतु के 1698 छात्र जेईई एडवांस में क्वालिफाइ हुए हैं।

गाजियाबाद लोकसभा सीट पर 49.78% हुआ मतदान

# 50% तक भी नहीं पहुंच सका मतदान प्रतिशत, 6 फीसदी की आई गिरावट

भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग, कांग्रेस-सपा गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा तथा बसपा प्रत्याशी नंदकिशोर पुंडीर समेत 14 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद लोकसभा पर कड़े सुरक्षा बन्दोबस्त के बीच मतदान सम्पन्न हो गया। भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग, कांग्रेस-सपा गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा तथा बसपा प्रत्याशी नन्दकिशोर पुंडीर समेत 14 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। 4 जून को मतगणना होगी। यहां पर शाम पांच बजे तक कुल 49.78% मतदान हुआ। सबसे ज्यादा मतदान धौलाना विधानसभा मे 59.31% मतदान हुआ।

जबकि लोनी विधानसभा में 54.4% मुरादनगर विधानसभा में 54.8%, साहिबाबाद विधानसभा में 42.8%, जबकि गाजियाबाद विधानसभा में 47.09% मतदान रहा। ईवीएम मशीनों को सील करके मतगणना स्थल तक ले जाने का कार्य शुरू हो गया था। गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान सुबह सात बजे कड़े सुरक्षा बन्दोबस्त के बीच शुरू हो गया और शाम छह बजे सम्पन्न हो गया।

इस दौरान मशीन खराब होने व अन्य छुटपुट बहस की शिकायतें हुईं, लेकिन उनका तत्काल ही निस्तारण हो गया और दिनभर मतदान निर्बाध चलता रहा। कहीं-कहीं पर मतदाताओं में मतदान करने के लिए उत्साह दिखाई दिया तो कहीं बूथों पर मतदान करने आने वाले मतदाताओं की संख्या काफी कम रही। पहले दो घंटे कुल मतदान प्रतिशत 10.67 प्रतिशत रहा। जिसमें लोनी 12.8 प्रतिशत, मुरादनगर विधानसभा में 11.87 प्रतिशत, साहिबाबाद में 13.78% मतदान हुआ।

**खास बातें**
- छुटपुट बहस की शिकायतों का तत्काल किया निस्तारण
- 85 साल की गुरुदेवी ने सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल स्थित बूथ पर मतदान किया



### कनाडा से वोट देने आए अगम

एक बजे तक पूरी लोकसभा में 33.94 प्रतिशत, तीन बजे तक 41.3 प्रतिशत मतदान हुआ। भीषण गर्मी के बावजूद सभी उम्र के मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया। साथ ही पुलिस व प्रशासन के अधिकारी लगातार मतदान केंद्रों पर घूमते रहे और स्थिति पर नजर बनाए रहे। प्रतापविहार, पुराना शहर, हिंडन पार समेत सभी इलाकों में मतदान सकुशल सम्पन्न हो गया। मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। बूथों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। गोल्डन पब्लिक स्कूल प्रताप विहार व सिद्धार्थ विहार में मतदाताओं की लंबी लाइन दिखाई दी। गाजियाबाद के लोनी के प्राथमिक विद्यालय मेन बाजार में वोट डालने के लिए मतदाताओं की कतार लगी है। वोट डालने के लिए लोग लाइन में खड़े रहे। अर्थला के कैलाशवती स्कूल में मतदान केंद्र पर अर्थला में रहने वाले 103 साल के बदन सिंह मलिक ने कैलाशवती स्कूल पर मतदान किया। लोनी के मतदान केंद्र पर बुजुर्ग मतदाता नजरा (100) वोट डालने के लिए पहुंची। कनाडा से वोट देने आए अगम गाजियाबाद के लोनी के बलराम नगर कॉलोनी में रहने वाली गुरुदेवी 85 ने सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल स्थित बूथ पर मतदान किया।

फरीदाबाद में मतदान सामग्री रखने

# मतगणना के लिए विधानसभा क्षेत्रों में बनाएं गए हैं कक्ष

4 जून को क्षेत्रों से संबंधित वोटों की गिनती के लिए उपयोग किए जाएंगे।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार 10 फरीदाबाद संसदीय क्षेत्र के लिए होने वाले आम लोकसभा चुनाव 2024 के संबंध में 85-पृथला विधानसभा क्षेत्र के लिए पंजाबी भवन सेक्टर-16 में, 86 फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के लिए लखानी धर्मशाला 87 बड़खल विधानसभा खंड के लिए दौलत राम खान धर्मशाला, 88-बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए गर्ल्स कॉलेज में सुषमा स्वराज सेक्टर-2 हाल में, 89 फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए महात्मा हंसराज ऑडिटोरियम डीएवी स्कूल, सेक्टर-14 और 90 तिगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए गुर्जर भवन सेक्टर-16 के हाल को मतदान सामग्री रखने के लिए और 25 मई को मतदान के बाद मतगणना केन्द्र बनाया गया है।

जिलाधीश कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि मतदान केंद्रों पर उपयोग के लिए ईवीएम और चुनाव सामग्री के भंडारण के लिए एक गणना केंद्र के रूप में उपयोग किए जाएंगे। इन सभी केन्द्रों पर 25 मई को मतदान के बाद भंडारण और उसके बाद 4 जून को 10 फरीदाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों से संबंधित वोटों की गिनती के लिए उपयोग किए जाएंगे।

गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने मतदान करवाने के लिए ईवीएम तैयार कर ली है। जिला फरीदाबाद की छह विधानसभाओं में करीब 1800 ईवीएम इस्तेमाल होंगी। ये करीब 1500 मतदान केंद्रों पर रखी जाएंगी ।

### रिटर्निंग अफसरों को कब्जा सौंपने के निर्देश

जिलाधीश विक्रम सिंह ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 और सरकार, गृह विभाग की अधिसूचना द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया है। उक्त संपति के मालिक या उस व्यक्ति को, जिसे वह संपत्ति दी गई है, चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 98 द्वारा निर्धारित तरीके से उसे सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को कब्जा सौंपने के लिए निर्देश जारी किए गए हैं।

वारदात में प्रयोग गाड़ी व देसी कट्टा बरामद

## मुकदमे में समझौते का दबाव देने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आरोपियों द्वारा शिकायतकर्ता राजकुमार को एसजीएम नगर में देशी कट्टा दिखाकर आरोपी अमित के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में दर्ज मुकदमे में समझौते के लिए दबाव बनाने के मामले में संज्ञान लेते हुए पुलिस उपायुक्त एनआईटी कुलदीप सिंह के द्वारा तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। थाना एसजीएम नगर प्रबंधक इंस्पेक्टर सुनील की टीम ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की



गिरफ्तारी के लिए रेड की थी। पुलिस टीम के द्वारा आरोपी अमित व नौनी उर्फ इन्द्रजीत को रेड कर एनआईटी गोल चक्कर के पास से आरोपी नवनीत उर्फ गौरव को एनआईटी चार नंबर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तीनों आरोपी एनआईटी फरीदाबाद के रहने वाले हैं।

थर्ड जेंडर फरीदाबाद मतदाताओं को करेंगे प्रेरित

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए निर्वाचन आयोग ने की खास व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के दिशा-निर्देश पर एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि थर्ड जेंडर समुदाय को स्वीप एक्टिविटी का भागीदार बनाया जाएगा। एडीसी आनन्द शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को उनके कार्यालय में थर्ड जेंडर समुदाय के लोगों के साथ बैठक आयोजित की गई।

एडीसी कम स्वीप एक्टिविटी के जिला नोडल अधिकारी आनंद शर्मा ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आगामी 25 मई को लोकतंत्र के महापर्व में स्वयं भागीदारी सुनिश्चित करें और अन्य



लोगों को भी जागरूकता अभियान के तहत प्रेरित करें। एडीसी आनन्द शर्मा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकतंत्र के फेस्टिवल में जिला प्रशासन का प्रयास है कि युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं सहित तमाम मतदाताओं को मतदान के लिए चुनाव प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूक करें इसी कड़ी में आज थर्ड जेंडर समुदाय के लोगों के साथ बैठक करके उन्हें भी लोकतंत्र के महापर्व पर भागीदार बनाया जाएगा ।

## दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को किया काबू काबूपॉक्सो का मुकदमा

**फरीदाबाद।** पुलिस चौकी संजय कॉलोनी की टीम ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में 5 महीने से फरार चल रहे आरोपों को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम बलवंत उर्फ संग्राम है जो उत्तर प्रदेश के बलिया का रहने वाला था और मुजेसर एरिया में किराए के मकान पर रहता था। आरोपी फरीदाबाद में कंपनी में नौकरी करता था। आरोपी के पड़ोस में ही एक नाबालिग लड़की रहती थी जिसके माता-पिता दिन में काम पर चले जाते थे। आरोपी ने लड़की से दोस्ती कर ली और उसके साथ कई बार दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। लड़की गर्भवती हो गई लेकिन लड़की के परिजनों को शुरू में पता नहीं चला लेकिन नवंबर 2023 में जब लड़की को अस्पताल ले गया तो पता चला कि उसके गर्भ में शिशु पल रहा है।

**DESHBANDHU COLLEGE**
(UNIVERSITY OF DELHI)
KALKAJI, NEW DELHI-110019

**Advt. No. DBC/Advt./Teaching/01/2024/01**

Online applications are invited in the prescribed Application Form at web link (available on college website) from the eligible candidates for appointment to the post of **Assistant Professor** in Sindhi under reserved category of SC, in the Academic Level 10 with rationalized entry pay of Rs 57,700/- as per 7th CPC pay matrix in addition to other usual allowances. The last date for receipt of application is within two weeks from the date of publication of advertisement in the Employment News. Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) may approach the help desk set up at the College in case they required any assistance in filing up the application form. **Important Note:** The details regarding qualifications, publications, experience, screening guidelines and indicative proforma etc. are available on the College website along with this advertisement. The applicants are required to read these details before filling up the form. Any addendum/corrigendum shall be posted only on the College website.

**Principal**

समस्याओं को लेकर कर्मचारियों ने अभियंता से बैठक की

## मकानों में दरारें, फर्श डैमेज, कमरों की बिजली की वायरिंग शार्ट होने की शिकायतों को लेकर आक्रोश

शिकायतों के निपटाने के लिए दो माह का समय मांगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम ट्रांसमिशन एन्ड सिस्टम के अधीक्षक अभियन्ता दीपक गर्ग से सेक्टर 23 स्थित कार्यालय पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के डीएचबीवीएन के सर्कल सचिव विनोद शर्मा एवं एचवीपीएन के सर्कल सचिव प्रीतम सिंह सहित एचएसईबी वर्कर यूनियन के पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक बिजली कर्मचारियों की धरातलीय समस्याओं के मुद्दे पर हुई। जिसमें बिजली निगम कर्मचारियों की सरकारी आवासीय कॉलोनियों के



बुरे हालातों पर एक्सईएन को अवगत कराते हुए समाधान के साथ निदान करने की बात रखी। सेक्टर-दो स्थित सीही की ए-5 पावर हाउस कॉलोनी, पल्ला पावर हाउस की ए.2, सेक्टर.18 की ए.4, प्याली चौक स्थित एफसीआई और सेक्टर-23 की बिजली कर्मचारी के मकानों में दरारें पड़ना, फर्श का डैमेज हो जाना, कमरों की बिजली की वायरिंग शार्ट होना, सीवरेज ब्लॉकिंग रहना, कमरे जर्जर और उनके गिरते हुए लेंटर, बिजली घरों के दयनीय हालातों आदि के मुख्य बिंदुओं पर यूनियन के नेताओं ने एक्सईएन कार्यालय घेर मीटिंग करते हुए कर्मचारी मुद्दों को प्रमुखता के साथ रखा और इस पर यूनियन नेताओं को आश्वस्त कराते हुए एक्सईएन दीपक गर्ग ने दो महीने का इन सभी कामों के समाधान हेतु अतरिक्त समय मांगा।

पावर हाउसों यानी बिजली घरों पर लगे शिफ्ट अटेंडनेट कर्मियों और असिस्टेंट शिफ्ट अटेंडेंट कर्मियों की एचवीपीएन व डीएचबीवीएन के पावर हाउसों पर भारी कमी है। जबकि एक पावर हाउस पर तकरीबन छह से आठ कर्मचारियों के साथ दो जूनियर इंजीनयर की जरूरत काम करने के लिए पड़ती है।

### युवक पर चाकू से हमला अस्पताल में इलाज के लिए किया रेफर

**फरीदाबाद।** झगड़े में एक युवक के कंधे में घुसे चाकू को बाहर निकालने में दो घंटे से अधिक का समय लगा। दो निजी अस्पताल गए युवक को बड़े अस्पताल के रेफर कर दिया था। फिर एक बड़े निजी अस्पताल में गया तो वहां पुलिस आई, तब जाकर उसका ऑपरेशन शुरू किया गया और चाकू बाहर निकाला। चाकू काफी लंबा था और करीब काफी गहराई तक कंधे में घुसा हुआ था। अनंगपुर गांव के रहने वाले सन्नी भड़ाना ने सूरजकुंड थाने में दी शिकायत में बताया कि वह और सुमित बाइक पर प्रहलादपुर रोड पर न्यू ब्लू मून ढाबे पर गए थे। जहां पर सुमित अपने डंपर का काम करवा रहा था। ढाबे पर कुछ युवकों का झगड़ा हो गया।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विक्की, पुत्र प्रभु गिरी,** निवासी बी–331/2, जीवन ज्योति राजीव कैम्प, ओखला फेज–2, गोविंदपुरी, नई दिल्ली एवं गांव अकौना, पोस्ट चरामा, थाना पकरीदयाल, जिला मोतिहारी, बिहार ने **मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 0083/2022, दिनांक 08.09.2022, धारा 411 भा.द. सं.** के तहत थाना नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विक्की** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 0083/2022, दिनांक 08.09.2022, धारा 411 भा.द.सं.** के तहत थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली की उक्त अभियुक्त **विक्की** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 05.06.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनुज कुमार सिंह
अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी–02
कमरा नं. 296ए, दूसरा तल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4811/RLY/2024

**खबर संक्षेप**

## स्पाइडर मैन की ड्रेस पहन स्टंट करने वाला कपल धरा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर स्टंटबाजी के वीडियो सामने आने पर दिल्ली पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। एक ऐसे ही स्टंटबाज कपल को अरेस्ट किया गया है जो स्पाइडरमैन की ड्रेस पहनकर निकलते थे। इनके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है। गिरफ्त में आये लोगों के नाम नजफगढ़ निवासी आदित्य (20) और उसकी गर्लफ्रेंड गोपाल नगर नजफगढ़ निवासी अंजलि (19) बताये गये हैं। पुलिस के मुताबिक सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई थी, जिसमें एक व्यक्ति बिना हेलमेट पहने और बिना नंबर प्लेट वाली बाइक पर स्टंट करता नजर आया था। वह स्पाइडरमैन की ड्रेस में था। उसके पीछे बैठी लड़की भी कुछ ऐसी ही ड्रेस में थी। सड़क पर हाथ छोड़कर बाइक चलाना और ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने के इस वीडियो को पुलिस ने गंभीरता से लिया। बाइक चालक के बारे में जानकारी जुटा कपल को पकड़ा गया। चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। जिसके बाद पुलिस ने इन पर बिना लाइसेंस, खतरनाक ड्राइविंग समेत विभिन्न धाराओं के तहत कानूनी कार्रवाई कर 20 हजार से ज्यादा का चालान किया है।

## पति पत्नी करते थे नशे का कारोबार, गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी जिले की ख्याला और तिलक नगर पुलिस ने ड्रग्स के धंधे में शामिल एक दंपति को गिरफ्तार किया है। इनके नाम राजेश राणा उर्फ बंटी और नीलम बताये गये। पुलिस ने दंपति के पास से करीब 790 ग्राम हेरोइन और 20 लाख से ज्यादा कैश बरामद किया हैं। ड्रग्स की कीमत डेढ़ करोड़ आंकी गई है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार तिलक नगर सब डिवीजन के एसीपी सुरेन्द्र सिंह राठी के नेतृत्व वाली टीम ने दंपति को अरेस्ट किया है। राजेश राणा 23 मामलों में शामिल रहा है। वहीं उसकी पत्नी के ऊपर भी आठ केस दर्ज थे। इनसे 20 लाख 49,130 रुपए कैश बरामद हुआ। आरोपी दंपति के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## डीडीए : 1130 रुपए माह होगी स्विमिंग कोच फीस

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) गर्मियों में स्विमिंग पूल सेवा के साथ ही अब कम फीस पर स्विमिंग (तैराकी) कोच उपलब्ध करवा रहा है। डीडीए के एक आला अधिकारी ने इस बारे में बताया कि प्राधिकरण सस्ती फीस पर जहां बेहतरीन स्विमिंग पूल की सेवाएं दे रहा है। वहीं अब लोगों को बेहद कम कीमत पर तैराकी सिखाने के लिए अनुभवी कोच भी उपलब्ध करवा रहा है। अधिकारी की माने तो महज 1130 रुपये प्रति माह के फीस पर तैराकी सिख सकते है। उन्होंने बताया कि यह सुविधा डीडीए के निकटतम डीडीए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आसानी से मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि तैराकी सुविधाओं के साथ, स्वस्थ रहने के लिए भी तैराकी करनी चाहिए। गर्मियों के मौसम में तैराकी का अलग ही आनंद होता है। इसलिए आप आसानी से डीडीए के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तैराकी पूल सुविधा के साथ ही तैराकी कोच की सुविधा में बहुत कम फीस पर ले सकते है।

### आप और भाजपा ने एक-दूसरे पर लगाए चुनाव नहीं कराने के आरोप

# निगम की सदन बैठक में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के महापौर चुनाव को स्थगित करने को लेकर शुक्रवार को सदन में जोरदार हंगामा हुआ। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों के पार्षदों ने एक-दूसरे के खिलाफ महापौर चुनाव नहीं होने देने को लेकर नारेबाजी की। बता दें कि चुनाव के लिए पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने के कारण महापौर और उपमहापौर के चुनाव को गुरूवार रात को स्थगित कर दिया गया था। बता दें कि सदन की बैठक शुरू होने का समय सुबह 11 बजे निर्धारित किया गया था लेकिन महापौर डॉ. शैली के सदन में नहीं होने के चलते भाजपा के पार्षद महापौर की सीट के पास एकत्र हो गए और महापौर शैली ओबरॉय की मौजूदगी की मांग करते हुए नारे लगाने लगे। महापौर डॉ. ओबरॉय सदन में करीब 11:50 पर पहुंचीं।

### लगातार होती रही नारेबाजी

महापौर के आसन संभालने के बाद भी आप और भाजपा पार्षदों की तरफ से सदन में नारेबाजी जारी रही। हंगामा रुकता नहीं देख करीब पांच मिनट इंतजार के बाद महापौर ने निगम सदन की बैठक अगली कार्यवाही तक के लिए स्थगित कर दी। महापौर के सदन में आने से पहले 'आप' पार्षदों ने पहले तो निगम मुख्यालय में आंबेडकर प्रतिमा के पास भाजपा के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में, वे सदन पहुंचे और भाजपा के खिलाफ नारे लगाते रहे और भाजपा को 'दलित विरोधी' करार दिया। दोनों पार्टियों के पार्षदों ने लगभग एक घंटे तक एक-दूसरे के खिलाफ नारेबाजी की। बता दें कि एमसीडी के महापौर और उपमहापौर के पदों के लिए 26 अप्रैल को सदन बैठक में चुनाव होना सुनिश्चित किया गया था।

### महापौर ने घेरा

बैठक स्थगित होने के बाद आप महापौर डॉ. शैली ओबरॉय, एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक और आप विधायक दिलीप पांडे ने महापौर का चुनाव रद्द करने को लेकर संयुक्त प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में महापौर का टर्म दलित समाज के लिए सुरक्षित था, लेकिन एलजी ने चुनाव कराने की अनुमति नहीं दी। आप नेताओं ने कहा कि शुक्रवार सुबह जब भाजपा के पार्षद एमसीडी के सदन में पहुंचे तो चुनाव न होने की खुशी उनके चेहरे पर साफ दिखी। भाजपा पार्षदों ने गाना चलाया और उस पर जमकर नाचे और दलित महापौर न चुने जाने की खुशी मनाई। आम आदमी पार्टी ने भाजपा पार्षदों के इस व्यवहार की कड़ी निंदा की है। 'आप' का कहना है कि लोकतंत्र और संविधान की हत्या कर भाजपा जश्न ने मनाया। भाजपा पार्षदों ने दलित के बेटे को महापौर बनने से रोकने के बाद एमसीडी सदन में नाचना शुरू कर दिया। भाजपा का यह घिनौना चेहरा आज फिर देश की जनता ने देख लिया। आम नेताओं का कहना है कि भाजपा और एलजी ने दलित समाज के व्यक्ति को एमसीडी का महापौर बनता देख चुनाव को रद्द कर दिया है। इसको लेकर दिल्लीवालों में भाजपा और एलजी के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा है। आम आदमी पार्टी इस मामले को लेकर कोर्ट तक जाएगी।

### आप स्वयं नहीं करवाना चाहती थी महापौर व उपमहापौर पद के लिए चुनाव : राजा इकबाल

एमसीडी ने नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह ने आप नेताओं की प्रेसवार्ता को लेकर कहा कि आम आदमी पार्टी एक दलित व महिला विरोधी पार्टी है। आम आदमी पार्टी स्वयं महापौर व उपमहापौर पदों के लिए चुनाव नहीं करवाना चाहती थी ताकि उनकी पार्टी में चल रहे मतभेद सार्वजनिक न हो जाए। यदि आम आदमी पार्टी महापौर व उपमहापौर पद के लिए चुनाव करवाना चाहती थी तो उन्होंने पूरी प्रक्रिया संवैधानिक तरीके से आम चुनावों की घोषणा होने से पहले पूरी कर लेनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम अधिनियम 1957 के तहत हर वर्ष निगम सदन की पहली बैठक में महापौर व उप महापौर पदों का चुनाव होता है और इसके बारे में आम आदमी पार्टी को अच्छे से स्पष्ट है जब यह पूरी प्रक्रिया पहले से स्पष्ट थी तो आम आदमी पार्टी ने सभी जरूरी कार्यवाही पहले क्यों नहीं की।

### भाजपा की मानसिकता है दलित विरोधी : संजय

भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता के चलते शुक्रवार को दिल्ली को दलित महापौर नहीं मिल सका। दलित समाज के बेटे को महापौर की कुर्सी पर बैठने से रोकने के लिए भाजपा ने एलजी के जरिए महापौर का चुनाव ही रद्द करा दिया। आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने भाजपा पर यह बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के संविधान ने पांच साल में केवल एक साल के लिए दलित समाज को महापौर बनने का अधिकार दिया है और यह भी भाजपा को बर्दाश्त नहीं है। इससे पहले भाजपा ने चंडीगढ़ में भी सफाईकर्मी के बेटे को महापौर बनने से रोकने की पूरी कोशिश की थी। अब दिल्ली में महापौर का चुनाव को रद्द कराकर भाजपा ने दलित विरोधी मानसिकता और संविधान खत्म करने की साजिश का एक और उदाहरण दिया है।

### पूर्व मंत्री आनंद के प्रश्नों का जवाब दें आप : भाजपा

भाजपा के अनुसूचित जाति के पार्षदों ने बताया कि आम आदमी पार्टी में अनुसूचित जाति के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं की लगातार उपेक्षा होती है और उसी के चलते हाल ही में केजरीवाल सरकार के मंत्री राज कुमार आनंद ने अनुसूचित जाति की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए सरकार एवं पार्टी से इस्तीफा दे दिया और पार्टी से कई प्रश्न पूछे थे पर आप नेता चुप्पी साध गये। भाजपा पर अनुसूचित जाति की उपेक्षा का आरोप लगाने से पहले आम आदमी पार्टी नेता अपने पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद के प्रश्नों का जवाब दें और बताएं कि आखिर 16 साल के साथ के बाद उन्हें क्यों आम आदमी पार्टी छोड़नी पड़ी। वहीं, भाजपा ने 2012 से 2022 के बीच ना सिर्फ 6 अनुसूचित जाति महापौर दिये बल्कि उप महापौर, स्थाई समिति उपाध्यक्ष एवं अनेक कमेटियों के चेयरमैन भी दिये हैं और आज भी प्रदेश संगठन में महामंत्री, उपाध्यक्ष एवं मंत्री पद पर अनुसूचित जाति के प्रतिनिधियों को स्थान दिया है।

### कांग्रेस ने लिखा एलजी को चुनाव कराने के लिए पत्र

**नई दिल्ली।** तकनीकी वजह से रद्द हुए महापौर के चुनाव को लेकर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने लोकतंत्र की दुहाई देते हुए उपराज्यपाल (एलजी) को पत्र लिखकर बिना किसी देरी किए चुनाव कराने की मांग की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निगम प्रभारी जितेंद्र कोचर ने पत्र लिखकर मांग की है कि महापौर चुनाव में देरी से राजधानी में नागरिक सेवाओं पर बहुत बुरा व्यापक प्रभाव पड़ेगा। इसलिए कांग्रेस एलजी से मांग करती है कि लोकतंत्र बचाने के लिए बिना किसी देरी किए तुरंत महापौर व उपमहापौर के चुनाव कराए जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली में महापौर चुनाव रद्द कराने का भरसक प्रयास कर रही है, जो लोकतंत्र की मर्यादा के विरुद्ध है। कोचर ने पत्र में अपील करते हुए लिखा कि बिना देरी के महापौर का चुनाव करवाया जाये। क्योंकि पिछले 2 वर्षों से स्थायी समिति, वार्ड कमेटी व अन्य समितियों का गठन नहीं करने से दिल्ली नगर निगम में कोई कार्य नहीं हो पाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव रोकने की भाजपा की पक्षपातपूर्ण राजनीति से दूर रहते हुए एलजी को और सत्तारूढ़ आप पार्टी को महापौर और उपमहापौर के चुनाव कराने की अनुमति देनी चाहिए। इस वर्ष महापौर का पद दलित वर्ग के लिए आरक्षित है। ऐसे में अगर चुनाव में देरी हुई तो यह दलितों के साथ अन्याय होगा।

## पारा 42 डिग्री दर्ज, मौसम बदलने से मिली कुछ राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में शुक्रवार को कई जगह अधिकतम पारा 42 डिग्री पार दर्ज हुआ। जबकि औसत दिल्ली का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि शाम के समय व रात के वक्त हल्की बूंदाबांदी दर्ज हुई। वैसे प्रादेशिक मौसम विभाग विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने अच्छी बारिश की संभावना के चलते येलो अलर्ट जारी कर रखा था। आईएमडी के अनुसार मुंगेशपुर में सबसे ज्यादा 42.2 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ जो इस मौसम का सबसे ज्यादा है। इसके अलावा पीतमपुरा 42 डिग्री, पूसा 42 डिग्री, नजफगढ़ 41.9 डिग्री , रिज एरिया 41.7 डिग्री, आया नगर 41.6 डिग्री, जाफरपुर 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

शाम के समय हल्की बूंदाबांदी से पहले तेज धूल हवाएं चली और आसमान पर बादल घिर आए। हालांकि प्रादेशिक मौसम विभाग विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया था। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान रहा 21.6 डिग्री सेल्सियस जो इस मौसम के सामान्य से 2 डिग्री नीचे है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शनिवार को दिल्ली में हल्की बूंदाबांदी के आसार दिखाई दे रहे है।

### बिजली की मांग पहुंची 5500 मेगावाट के करीब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार दूसरे दिन बिजली की मांग का आंकड़ा पांच हजार मेगावाट पार दर्ज हुआ। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार दोपहर 3.20 बजे बिजली की मांग का ग्राफ 5447 मेगावाट दर्ज हुआ जो इस बार गर्मियों के मौसम में सबसे ज्यादा है। जबकि गुरुवार को यह आंकड़ा 5148 मेगावाट रहा था। वहीं बुधवार को अधिकतम मांग का आंकड़ा महज 4930 मेगावाट दर्ज हुआ था। बिजली की मांग का ग्राफ बढ़ने के साथ ही अब बिजली कटौती भी बढ़ रही है। जहां उपभोक्ता कह रहे है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही कटौती होने लगी है। जबकि निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों टाटा पावर डीडीएल और बीएसईएस का दावा है कि बिजली की मांग अभी बहुत ज्यादा नहीं पहुंची है। ऐसे में कटौती करने की कोई बात नहीं है।

### छतरपुर : विदेशी महिला को घायल कर लूटा

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिले के छतरपुर इलाके में युगांडा की रहने वाला एक 27 वर्षीय महिला के साथ मारपीट, लूटपाट और कपड़े फाड़ने का मामला सामने आया है। आरोप दो युवकों पर लगा है। गुरुवार रात महरौली अंधेरिया मोड स्थित 100 फुटा रोड पर इस घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले में उचित कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपी युवकों को अरेस्ट कर लिया गया है। इनके नाम रिंकु कश्यप और मनोज उर्फ जितेंद्र उर्फ किन्नू हैं। पुलिस के अनुसार मामले की सूचना 25 अप्रैल गुरुवार रात करीब 12 बजे मिली थी। घायल महिला को अस्पताल ले जाया गया। पूछताछ में उसने बताया कि रात करीब पौने 11 बजे वह फूल मंडी से छतरपुर पहाड़ी इलाके में पैदल जा रही थी। फुटपाथ पर उसके पीछे दो युवक कुत्ते के साथ चल रहे थे। वह कुत्ते से डर गई। उसी बीच एक युवक ने महिला को पीछे से दबोच लिया और दीवार से सटा दिया। महिला का पर्स छीन लिया। पर्स में आठ सौ रुपये और चांदी की अंगूठी थी। उन्होंने महिला के कपड़े भी फाड़ दिये। महिला के सिर पर पत्थर से वार कर दिया। इसके बाद दोनों आरोपी युवक फरार हो गये। महिला छतरपुर इलाके में किराये पर रहती है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और लोकली इंटेलीजेंस के जरिये दोनों संदिग्धों का पता लगा उन्हें पकड़ लिया। दोनों लेबर और ड्राइविंग का काम करते हैं और नशे के आदी है। घटना के समय भी दोनों नशे में थे।

## भलस्वा डेयरी: दो युवकों की चाकू से हमला कर हत्या

### रिसेप्शन पार्टी में हुआ था सिगरेट को लेकर झगड़ा, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



भलस्वा डेयरी इलाके में दो युवकों की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतकों के नाम राजीव नगर गली नंबर दो निवासी समीर और फरदीन है। पुलिस का कहना है कि इनमें से एक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया था, जबकि दूसरे की मौत इलाज के दौरान हुई। तीन आरोपियों को अरेस्ट भी कर लिया गया है। रिशेप्सन पार्टी के सिगरेट को लेकर इनके बीच झगड़ा हुआ था।

डीसीपी रवि कुमार सिंह के अनुसार 25 अप्रैल की देर रात 1 बजकर 22 मिनट पर भलस्वा डेयरी इलाके में चाकूबाजी के संबंध एक पीसीआर कॉल मिली थी। घायल समीर को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके पेट और कंधे पर धारदार हथियार से हमला किया गया था। वहीं फरदीन घटनास्थल पर ही मृत मिला। वह बैटरी रिक्शा चलाता था। इस घटना के चश्मदीद मुबीन की शिकायत पर हत्या और हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया गया है। उसने बताया कि गली नंबर दो राजीव नगर में उनके चचेरे भाई रिजवान की रिसेप्शन पार्टी थी। इस समारोह में उनके रिश्तेदारों के अलावा पड़ोसी फरदीन को भी आमंत्रित किया गया था। आधी रात को समीर (रिश्तेदार) और फरदीन (पड़ोसी) एक साथ बाहर गए। कुछ देर बाद समीर खून से लथपथ रिजवान के घर की ओर भागता नजर आया। उसके पीछे तीन लोग हाथों में चाकू लिए भाग रहे थे। हमलावरों में से एक की पहचान सम्मी उर्फ कल्लू के रूप में हुई जो राजीव नगर में ही रहता है। घायल समीर को फौरन बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उन्हें पता चला कि आरोपियों और दोनों युवकों के बीच सिगरेट को लेकर झगड़ा हुआ था।

समीर की हालत ज्यादा खराब होने पर उसे एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया था, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। बाद में पुलिस ने हत्या की धारा को केस में जोड़ा। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली। आरोपियों का पता चल जाने पर तीन अरेस्ट कर लिया गया। इनकी पहचान राजीव नगर गली नंबर दो निवासी अब्दुल सम्मी (19), गली नंबर चार निवासी विकास (20) और गली नंबर नौ निवासी अर्शलान उर्फ मोंटी (20) के तौर पर हुई। इनमें अब्दुल सम्मी स्विगी डिलीवरी ब्वॉय के रूप में कार्यरत था। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल तीन चाकू और एक पिस्टल के साथ खून से सने कपड़े भी बरामद कर लिये हैं। आरोपी अर्शलान मॉडल टाउन में आर्म्स एक्ट के केस में शामिल रहा है। तीनों ही आरोपी सीसीटीवी फुटेज में समीर के पीछे भागते नजर आए थे।

### सनकी आशिक ने महिला की गोली मार ली जान

**नई दिल्ली।** नॉर्थ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के जहांगीरपुरी में शुक्रवार दोपहर एक 32 वर्षीय महिला की गोली मार हत्या कर दी गई। शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भिजवाया गया है। पुलिस केस दर्ज कर हमलावर की तलाश में जुटी है। शुरुआती तफ्तीश में पुलिस का कहना है कि मामला एक तरफा प्यार से जुड़ा है। आरोपी लंबे समय से मृतका की बेटी को परेशान कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार सरिता अपने पति मनोज व 15 वर्षीय बेटी के साथ जहांगीरपुरी के जे ब्लॉक में रहती है। बताया जा रहा है कि पिछले दो सालों से मेहताब नामक युवक उनकी बेटी को परेशान कर रहा है। उससे परेशान होकर उन्होंने बेटी को गुरुकुल में भेज दिया था। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे युवक अचानक सरिता के घर पहुंचा और पिस्टल निकालकर गोली चला दी। गोली सरिता की छाती में लगी। महिला को नाजुक हालत के चलते बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती करवाया गया था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। डीसीपी जितेंद्र कुमार मीणा ने महिला की मौत की पुष्टि करते हुये कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिये एक टीम का गठन किया गया है। जल्द ही वह सलाखों के पीछे होगा।

## प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर फायरिंग कर मांगी थी दो करोड़ की रंगदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने बुद्ध विहार में प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर फायरिंग करने व दो करोड़ की रंगदारी के केस में शामिल रहे मोहित उर्फ मोजी को अरेस्ट किया है।आरोपी खीरी सांपला, रोहतक का रहने वाला है।

इसके पास से एक पिस्टल और तीन कारतूस बरामद हुये। नरेश उर्फ सेठी और अक्षय गैंग से इसका गठजोड़ बताया गया है।पुलिस के अनुसार 27 फरवरी को बुद्ध विहार थाना क्षेत्र में फायरिंग की एक घटना सामने आई थी, जिसमें दो बदमाश बाइक पर सवार होकर सेक्टर 24 रोहिणी स्थित लकी प्रॉपर्टीज के ऑफिस पर पहुंचे और फायरिंग कर फरार हो गए। डीलर योगेश शर्मा को नरेश सेठी से दो करोड़ रुपए की मांग वाला एक मैसेज भी मिला। इंस्पेक्टर पंकज ठाकरान की टीम ने वारदात में शामिल आरोपियों के बारे में जानकारी जुटायी और गंदा नाला सेक्टर 11, रोहिणी में ट्रैप लगा ऑटो रिक्शा से जा रहे शूटर को दबोच लिया। 24 साल के बदमाश के पास पिस्टल भी मिली। मोहित ने पूछताछ में बताया कि वह हरियाणा में डकैती, हत्या, आर्म्स एक्ट के कई मामलों में शामिल रह चुका है। हिसार जेल में बंद रहने के दौरान ही उसकी मुलाकात नरेश और राजू बसोदी गैंग के सदस्यों से हुई थी। जेल से छूटने के बाद वह भी इनके साथ जुड़ गया था। राजू बसोदी और नरेश सेठी के निर्देश पर यह नरेंद्र उर्फ नंदा नाम के एक शराब ठेकेदार की हत्या भी कर चुका है। इसे मामले में अरेस्ट भी किया गया था। हाल ही में यह जेल से बाहर आया था।

## निगम स्कूल : कोर्ट की टिप्पणी वाली पोस्ट के सहारे राजनिवास ने सीएम पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के स्कूलों की हालत को लेकर शुक्रवार को न्यायालय ने गंभीर टिप्पणी की है। जिस पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने खुद कुछ नहीं बोला, लेकिन राजनिवास मीडिया टीम ने अपने सोशल मंच एक्स पर इस मुद्दे से जुड़े बार एंड बेंच की एक पोस्ट को शेयर किया है। टीम द्वारा शेयर की गई पोस्ट में लिखा है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2 लाख से अधिक छात्रों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने में विफलता के लिए अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार और आप के नेतृत्व वाली एमसीडी को फटकार लगाई। कोर्ट का कहना है कि दिल्ली सरकार केवल सत्ता के विनियोग में रुचि रखती है और अपनी गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा न देकर अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय हित के ऊपर व्यक्तिगत हित को रखा है।

### आयुक्त जानबूझकर निगम के कार्यों को रोक रहे : आप

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट के जजों की एक बेंच के द्वारा निगम स्कूल के बच्चों को पुस्तके, कॉपी, ड्रेस आदि देने पर सुनी गई एक जनहित याचिका के संबंध में आम आदमी पार्टी ने एक बयान जारी करते हुए बताया जनवरी में ही एक प्रस्ताव पास कर स्थायी समिति की सभी शक्तियां नगर निगम के सदन को दे दी गई थी। जनवरी से लेकर अब तक नगर निगम आयुक्त ने 5 करोड़ से अधिक राशि वाला एक भी प्रस्ताव सदन के समक्ष नहीं रखा है। यदि सदन नगर निगम का बजट पास कर सकता है तो 5 करोड़ से अधिक राशि वाले कार्य क्यों नहीं कर सकता। आप ने कहा कि नगर निगम आयुक्त नहीं चाहते कि चुने हुए सदन के प्रति उनकी जवाबदेही तय हो। 5 करोड़ से अधिक के कार्यों पर निर्णय लेने की शक्ति निगम आयुक्त को देने से सदन और निगम पार्षदों के प्रति जवाबदेही खत्म हो जाएगी।

### पूर्वी दिल्ली लोकसभा में होगा पहला रोड शो

# आज से आप के लिए चुनाव प्रचार करेंगी सुनीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सुनीता केजरीवाल दिल्ली और देश के लोगों से अरविं द केजरीवाल के लिए आशीर्वाद मांगने और 'आप' लोकसभा प्रत्याशियों के लिए प्रचार करने उतरेंगी। वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि सुनीता केजरीवाल आज पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मेगा रोड शो के साथ प्रचार की शुरुआत करेंगी और 28 अप्रैल को पश्चिमी दिल्ली में मेगा रोड शो के साथ जनता से अरविंद केजरीवाल के लिए आशीर्वाद मांगेंगी। वो दिल्ली के बाद पंजाब, गुजरात और हरियाणा में भी 'आप' प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगी। आतिशी ने कहा कि, अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने का भाजपा का दाव सौ प्रतिशत उल्टा पड़ गया है। पूरे देश में जनता केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध कर रही है और वोट से गिरफ्तारी का जबाव देगी। उन्होंने कहा कि, भाजपा जान ले कि दिल्ली, पंजाब और पूरे देश के लोग अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े है; जनता केजरीवाल को अपना आशीर्वाद और 'आप' को वोट जरूर देगी। आतिशी ने कहा कि, लोकसभा चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद, आचार संहिता लगने के तुरंत बाद भाजपा शासित केंद्र सरकार और उनके राजनीतिक हथियार ईडी ने दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें चुनाव की घोषणा से पहले इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि भाजपा को अरविंद केजरीवाल से डर लगता है। भाजपा ये नहीं चाहती थी कि अरविंद केजरीवाल चुनावी मैदान में उतरे। इसलिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### अब सुनीता केजरीवाल ने संभाली है कमान : सचदेवा

**नई दिल्ली।** जिस तरह अरविंद केजरीवाल को अपने राजनीतिक विकल्प के रूप में अपनी पत्नी सुनिता केजरीवाल को उतारना पड़ा है वह स्पष्ट करता है कि केजरीवाल को संजय सिंह, आतिशी सहित अपने राजनीतिक साथियों पर यकीन नहीं है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल की निगाह में सभी आप नेता विश्वास खो चुके हैं इसलिए अब सुनीता केजरीवाल ने कमान संभाली है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी परिपाटी पर चल निकली आप अपने भ्रष्टाचार के चलते जनसमर्थन खो चुकी है और अब चाहे कितने गाने बजाये कैम्पेन चलाये उसकी हार निश्चित है।

## 3060 से अधिक फाइलें सीएम एवं मंत्रियों के पास हैं लंबित : भाजपा


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




दिल्ली की केजरीवाल सरकार एक अकर्मण्य एवं असंवैधानिक व्यवस्था से चलती हुई सरकार है जिसकी हठधर्मी के चलते आज दिल्ली में विकास एवं प्रशासन से जुड़ी 3060 से अधिक फाइलें मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों के पास लंबित हैं और विकास एवं प्रशासन दोनों ठप्प हैं।

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने शुक्रवार को दिल्ली भाजपा के मंत्री हरीश खुराना एवं मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर की उपस्थिति में उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा है कि हम तो हमेशा से कहते थे कि अरविंद केजरीवाल सरकार प्रशासन की नहीं प्रचार की सरकार है, वर्षों से धूल फांकती 3 हजार से अधिक फाइलों का सच सामने आने से यह प्रमाणित हुआ। सचदेवा ने कहा है कि यह तो सबको मालूम था कि मुख्यमंत्री अकर्मणय व्यक्तित्व के हैं। किसी भी विभाग की जिम्मेदारी नहीं लेते हैं, पर उन पर 420 प्रशासनिक फाइलें रूका होना दर्शाता है वह कितने लापरवाह है। सचदेवा ने कहा है कि मुख्यमंत्री पर 420 फाइलें रूकी है। यह आंकड़ा खुद में बहुत कुछ कहता है। 420 का रिश्ता धोखाधड़ी से है और इतनी फाइलें लटकाना जनता के साथ धोखा है, विश्वासघात है।






# दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का ट्रेलर हुआ रिलीज

**मुंबई।** दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का गुरुवार 25 अप्रैल को ट्रेलर रिलीज हुआ। इस इवेंट को मुंबई में रखा गया, जिसमें निर्देशक महेश भट्ट और पूजा भट्ट भी शामिल हुए। इस फिल्म में दीपक के अलावा अलंकृता सहाय नताशा सूरी कैनात अरोरा नाजिया हुसैन सोनिया बिर्जे हरजिंदर सिंह मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं। 2 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां 5 लड़कियों का एक ग्रुप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रीप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रीप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है। जोकि एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# विद्या बालन



## मामूटी ने निभाया है अद्भुत रोल

बॉलीवुड में कम ही ऐसी एक्ट्रेसेज हुईं जिनकी तुलना तीनों खान्स से की जाती हो. विद्या बालन उनमें से एक हैं. विद्या की लेटेस्ट फिल्म 'दो और दो प्यार' इन दिनों थिएटर्स में है. हर बार की तरह इस बार भी उनके काम को देखने वालों ने काफी पसंद किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

अब विद्या ने कुछ ऐसा कहा है जो शायद बॉलीवुड फैन्स को बहुत पसंद ना आए। विद्या मलयालम सिनेमा की बात कर रही थीं और इसी सिलसिले में उन्होंने मलयालम सुपरस्टार मामूटी की जमकर तारीफ की। मामूटी की बात करते हुए विद्या ने उनके एक लेटेस्ट किरदार का जिक्र किया और कहा कि बॉलीवुड का कोई लीडिंग स्टार वैसा किरदार नहीं निभा सकता। उन्होंने यहां तक कह दिया कि ऐसा होना 'असंभव' है।

विद्या ने मामूटी की फिल्म 'काथलः द कोर' की बात की। इसके लिए विद्या ने केरल की ऑडियंस को भी क्रेडिट दिया। उन्होंने कहा, 'हमें ये मानना पड़ेगा कि केरल में ज्यादा पढ़ी लिखी ऑडियंस है। ये एक बहुत बड़ा अंतर है। वहां के सबसे निचले तबके के आदमी की समझ भी बहुत अलग है। उन्होंने (मामूटी) ने जो किया मैं उसे कम नहीं बता रही, लेकिन वहां ये करना आसान है। ये एक सोसाइटी का रिफ्लेक्शन है।' विद्या ने मामूटी के 'काथलः द कोर' वाले किरदार को स्पेशल कहने की वजह बताते हुए कहा, 'उन्होंने ये नहीं सोचा कि इससे उनकी मर्दानगी पर कोई असर पड़ेगा। वो बहुत सिक्योर एक्टर हैं।' विद्या ने ये भी बताया कि इस रोल के लिए मामूटी को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए उन्होंने, उनके बेटे और एक्टर दुलकर सलमान को मैसेज किया था।

हॉलीवुड मसाला



# सिंगर मंडिसा की घर में मिली लाश

**मुंबई।** अमेरिकन आइडल फेम ग्रैमी अवॉर्ड विनर सिंगर मंडिसा लिन हंडले की मौत हो गई है। उनका शव रहस्यमय परिस्थितियों में उनके घर से बरामद हुई है। पुलिस जहां जांच में जुटी है, वहीं परिवार और टीम ने भी एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। उनके मौत के कारणों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी अमेरिकी सिंगर मंडिसा की 47 साल की उम्र में मौत हो गई है। अमेरिकन आइडल फेम सिंगर की लाश उनके टेनिसी के फ्रैंकलिन स्थित घर में रहस्यमय परिस्थितियों में मिली है।




# 'अमेरिकन ब्यूटी' के डर से मां-बाप ने टीवी में लगा दिया था लॉकर

**मुंबई।** कुछ ऐसी फिल्में बनती हैं, जो दर्शकों के दिलों में हमेशा के लिए छाप छोड़ देती हैं। फिर चाहे वो बॉलीवुड हो, साउथ हो या फिर हॉलीवुड फिल्में क्यों ना हों। आज से ठीक 33 साल पहले एक हॉलीवुड मूवी रिलीज हुई थी, जिसका नाम 'अमेरिकन ब्यूटी' था। ये फिल्म इतनी बोल्ड थी कि लोगों को अपने टीवी में चाइल्ड लॉक तक लगाना पड़ गया था। फिर भी फिल्म ने पांच ऑस्कर अवॉर्ड झटके थे और उस जमाने में फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन किया था। 'अमेरिकन ब्यूटी' फिल्म की कहानी उस जमाने के हिसाब से बहुत ज्यादा बोल्ड थी। एक ऐसे आदमी की कहानी, जो बीवी और बेटी के साथ रहता है, लेकिन बीवी संग उसके रिश्ते ठीक नहीं है, गाली-गलौज होती रहती है और बेटी इस वजह से अपने पैरेंट्स से नफरत करती है और उनसे बात नहीं करती। उस आदमी की जिंदगी में एक दिन तब बहुत बड़ा बदलाव आ जाता है, जब वो बेटी की दोस्त को देखता है। उसे देखकर मन में अश्लील ख्याल आने लगते हैं। फिल्म के कुछ सीन्स तो ऐसे हैं कि जिन्हें देखकर आप अपनी आंखें मूंद लेंगे।



# अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू करेंगी सिमर


**मुंबई।** सिमर ने एक आउटसाइडर की तरह इंडस्ट्री में एंट्री ली है। उनके मामा अक्षय कुमार, बड़े आराम से उन्हें एक बड़े लॉन्च का प्लेटफॉर्म दे सकते थे, लेकिन सिमर ने ऑडिशन देकर अपना डेब्यू प्रोजेक्ट पाया है. उन्होंने फिल्म में अपने ज्यादातर हिस्से के लिए शूट भी कर लिया है। अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा ने कुछ समय पहले ही नेटफ्लिक्स फिल्म 'आर्चीज' से अतिंग डेब्यू किया था, इसके बाद ही उन्हें उनका अगला प्रोजेक्ट भी मिल गया और वो 'अंधाधुन' डायरेक्टर श्रीराम राघवन की फिल्म 'इक्कीस' से बड़ी स्क्रीन पर भी डेब्यू करने जा रहे हैं। अगस्त्य के साथ फिल्म में लीडिंग लेडी कौन होंगी, अभी तक इस बात पर सस्पेंस बना हुआ था। मगर अब ऐसी रिपोर्ट्स आ रही हैं कि 'इक्कीस' में अगस्त्य के साथ लीडिंग लेडी को भी फाइनल कर लिया गया है।




# रिश्तों की अहमियत सिखाता है 'दिल दोस्ती डिलेमा'

**मुंबई।** किशोरवय युवक-युवतियों की अपनी जिंदगी और सोच होती है, जो अक्सर मान्यताओं और परम्पराओं से बगावत करते हुए चलती है। अपने ख्यालों-ख्वाबों में खोई रहने वाली ये पीढ़ी अक्सर रिश्तों की कद्र नहीं करती। जाने-अनजाने कुछ ऐसा कर जाती है कि दिल टूट जाते हैं। अगर ना संभाले तो रिश्ते भी बिखर जाते हैं। इस उम्र की प्राथमिकताएं कुछ और होती हैं, जो जिंदगी देखने का नजरिया भी तय करती हैं। प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हुई सात एपिसोड्स की सीरीज दिल दोस्ती डिलेमा उम्र के इसी नाजुक मोड़ पर रिश्तों की अहमियत समझाने के साथ संदेश देती है। हालांकि, विषय पुराना लगता है, जिससे सीरीज पकड़ खोती नजर आती है। अस्सी के दौर में ऐसे विषय अक्सर फैमिली फिल्मों का हिस्सा बनते थे और दर्शक भावनाओं के सागर में डूबते-उतराते रहते थे।

टीवी मसाला



# अनुज के शो छोड़ने पर निर्माता ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई।** सीरियल अनुपमा में गौरव खन्ना मुख्य रोल निभाते हैं। उनके शो छोड़ने की खबरों से फैंस परेशान हो गए थे. अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन खबरों पर रिएक्ट करते हुए बड़ी बात कही है। सोशल मीडिया पर बताया गया था कि गौरव सीरियल को अलविदा कह सकते हैं। फैंस ये जानकर परेशान हो गए थे और सच्चाई जानना चाहते थे। हाल ही में अनुज यानी गौरव ने एक इंटरव्यू में बताया कि वो शो को नहीं छोड़ रहे हैं। अब शो के निर्माता राजन शाही ने इन वायरल खबरों पर रिएक्ट किया है।

अनुपमा अपनी कहानी की वजह से टीआरपी में सबसे आगे रहता है। गौरव खन्ना के शो छोड़ने की खबरें जैसे इंटरनेट पर आई, दर्शकों को इसने हैरान कर दिया। जब शो के निर्माता राजन शाही से गौरव के अनुपमा से बाहर होने की अफवाहों पर पूछताछ की गई, तो उन्होंने इस पर कहा, 'बिल्कुल नहीं'। उन्होंने कहा कि सीरियल में अनुज का किरदार काफी महत्व रखता है। उनके इस बात से तो कंफर्म है कि अनुज शो से बाहर नहीं हो रहे हैं। ये जानकर फैंस को बहुत खुशी होगी।

### अनुपमा का लेटेस्ट एपिसोड

अनुपमा के अपकमिंग एपिसोड में दिखाया जाएगा कि अनु, अनुज के कहने पर उसके घर में शिफ्ट हो जाएगी। अनुज उससे कहेगा कि वो आध्या को नहीं संभाल पा रहा और ऐसे में वो अनुपमा से मदद मांगता है। अनु अपनी बेटी की खातिर अनुज की बात मान लेगी। हालांकि आध्या को ये बात पसंद नहीं आएगी। आध्या जानबूझकर अनुपमा की जिंदगी में नई दिक्कतें पैदा करने लगेगी, ताकि वो सुपरस्टार शेफ छोड़ दें और वापस भारत चली जाए। वो कंपीटीशन के लिए अनुपमा को लेट करवा देगी और अनुज उसकी मदद करेगा। शो में दिखाया जाएगा कि अनुपमा कंपीटीशन के दौरान गिर जाएगी और उसकी मदद के लिए अनुज शेफ बनेगा। वो उसकी ओर से खाना बनाएगा। आध्या और श्रुति ये सब टीवी पर देखकर शॉक्ड हो जाएगी।

# दर्शकों की कमी से कई थिएटरों में ताला लटकने की नौबत

**मुंबई।** मजेदार संयोग ये है कि बीते साल भी मई में ऐसी ही स्थिति थी। हालांकि, तब हॉलीवुड की 'गार्डियंस ऑफ़ द गैलेक्सी', 'फास्ट एक्स' और 'द केरल स्टोरी' ने जान बचा ली थी। 'बॉलीवुड हंगामा' की रिपोर्ट के मुताबिक, दर्शकों की कमी को देखते हुए 800 सीटों वाले मुंबई के गैलेक्सी थिएटर को कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। यह जी 7 मल्टीप्लेक्स का एक हिस्सा है, जिसे मशहूर 'गेयटी-गैलेक्सी' के नाम से भी जाना जाता है।



### आगरा में 30 रुपए में टिकट, पर नहीं आ रहे दर्शक

एक चौंकाने वाला उदाहरण आगरा में 'राजीव सिनेमा' का है। यहां टिकट की कीमतें घटाकर 30 रुपए और 50 रुपए कर दी गई हैं। लेकिन फिर भी बात नहीं बन रही है। बिहार के पूर्णिया में 'रूपवाणी' सिनेमा के मालिक विशेक चौहान कहते हैं, 'बहुत सारे एग्जीबिटर्स फोन कर रहे हैं, पूछ रहे हैं कि क्या हमें दो महीने के लिए सिनेमाघर बंद कर देना चाहिए?'

### 'क्या करते हम, कोई फिल्म नहीं चल रही'

इस बारे में 'जी7 मल्टीप्लेक्स' और 'मराठा मंदिर' सिनेमा के कार्यकारी निदेशक मनोज देसाई कहते हैं, 'क्या करते हम? कोई फिल्म नहीं चल रही हैं। दोनों ही फिल्में बुरी तरह पिट गईं। झटका लग गया हमें।'

### जल्द बंद हो जाएंगे थिएटर

रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ और थिएटर-मल्टीप्लेक्स अगले एक महीने के लिए बंद रहने की तैयारी में हैं। हालांकि, मल्टीप्लेक्स को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा, बल्कि कुछ स्क्रीन्स बंद किए जाएंगे। एक सूत्र के हवाले से रिपोर्ट में आगे लिखा गया है, 'शुरुआत में अधिकतर सिनेमाघरों ने टिकट की कीमतों में कटौती की। लेकिन फिर भी दर्शकों ने रुचि नहीं दिखाई।

# ऑस्कर कांड के बाद विल स्मिथ की 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** हॉलीवुड की पॉप्युलर फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ऑस्कर थप्पड़ कांड के बाद इस फिल्म के साथ हॉलीवुड स्टार विल स्मिथ सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक करने जा रहे हैं। फिल्म में धुआंधार एक्शन और डरावने फाइट सीन के साथ-साथ बीच-बीच में कॉमेडी भी है। हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवाड्र्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है।



### 'बैड बॉयज 4' की कुछ ऐसी दिख रही कहानी

*फिल्म की कहानी मियामी के एक पूर्व कैप्टन कॉनरैड हावर्ड की है, जिसके बारे में पता लगता है कि वो ड्रग बनाने वाली कंपनी के साथ कई साल से काम कर रहा है। विल को लग रहा है कि कैप्टर हावर्ड को फ्रेम किया जा रहा है। दरअसल इसके पीछे पूरा गैंग है और इसके खिलाफ 'बैड बॉयज' यानी विल और मार्टिन लॉरेंस मैदान में उतरते हैं जिन्हें न केवल अपने देश को बचाना है बल्कि दुश्मनों को तबाह भी करना है। ये फिल्म 7 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही। दो साल बाद स्क्रीन पर कमबैक कर रहे विल स्मिथ इस ट्रेलर में धुआंधार एक्शन की बौछार करते दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी के दीवाने फैन्स खुशी से झूम उठे हैं।*

## ड्रीम गर्ल ने निभाया लीड रोल


# हेमा की हिट फिल्म पर बी. आर. चोपड़ा ने बनाया था टीवी शो

हिंदी सिनेमा की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी ने फिल्मी पर्दे पर तो अपने अभिनय का जलवा बिखेरा ही, लेकिन इसके अलावा उन्होंने टेलीविजन की दुनिया में भी एक समय पर तहलका मचाया है। इंडिया की ड्रीम गर्ल ने अपनी ही फिल्म सीता और गीता से इंस्पायर टीवी शो में साल 2004 में काम किया था जिसे महाभारत के मेकर बी. आर. चोपड़ा ने ही बनाया था।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हेमा मालिनी आज के समय में भले ही फिल्मों में कम नजर आती हैं, लेकिन अब भी वह फैंस की 'ड्रीम गर्ल' ही हैं। राज कपूर की फिल्म 'सपनों का सौदागर', जॉनी मेरा नाम, लाल पत्थर और अंदाज और शोले जैसी कई यादगार फिल्में हिंदी सिनेमा को देने वाली हेमा मालिनी के करियर के में टर्निंग प्वाइंट तब आया, जब उन्होंने साल 1972 में फिल्म 'सीता और गीता' में दोहरी भूमिका निभाई।

फिल्म के निर्देशन की कमान रमेश सिप्पी ने संभाली, तो वही पटकथा सलीम और जावेद ने दी। हेमा मालिनी की सीता और गीता दो ऐसी बहनों की कहानी है, जो बचपन में ही बिछड़ जाती हैं। दोनों का स्वभाव एक-दूसरे से बिल्कुल विपरीत होता है। जहां दुष्ट चाची सीधी सादी सीता का जीना दुश्वार करके रखती हैं, तो वहीं गीता से पंगा लिया, तो वह अपनी खैर मनाता है। सीता और गीता की कहानी तब और दिलचस्प हो जाती है, जब दोनों ही अपनी जगह बदल लेती हैं और गीता-सीता के घर पहुंच जाती है। साल 1972 की ये फिल्म आज भी लोगों को याद है। हेमा मालिनी की ये फिल्म लोगों इतनी ज्यादा पसंद आई थी कि साल 1989 में इसी से ही मिलती-जुलती कहानी वाली फिल्म 'चालबाज' भी रिलीज हुई थी।



*बी.आर. चोपड़ा ने टीवी पर बनाई थी सीता-गीता : महाभारत जैसे यादगार शोज देने वाले बी आर चोपड़ा ने साल 2004 में एक सीरियल बनाया, जिसका टाइटल था 'कामिनी-दामिनी'। ये शो सहारा वन पर ऑनएयर होता था। इस डेली सोप ने सहारा वन पर श्रीदेवी के शो 'मालिनी अय्यर' को रिप्लेस किया था। खास बात ये थी कि इस शो में भी बी. आर. चोपड़ा ने 'सीता और गीता' एक्ट्रेस हेमा मालिनी को ही मुख्य भूमिका निभाई थी। ये पूरा शो सीता और गीता मूवी पर ही बेस्ड था।*

उस समय पर हेमा मालिनी की फिल्म 'सीता और गीता' की लोकप्रियता से 'महाभारत' के निर्देशक बी.आर. चोपड़ा इतने ज्यादा इम्प्रेस हो गए थे कि उन्होंने इस पर एक पूरा टीवी शो बना दिया था, जिसमें किसी और ने नहीं, बल्कि 'ड्रीम गर्ल' ने ही मुख्य भूमिका निभाई थी। हेमा मालिनी शो में कामिनी और दामिनी बनी थीं। कामिनी जहां तेज तर्राट सी थी, तो वहीं दामिनी 'सीता' की तरह ही एकदम शांत थी।

# सालों बाद फिर साथ दिखेंगे इंस्पेक्टर दया और अभिजीत



*मुंबई। सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है।आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं। वो भी एक साथ. चलिये फिर देरी कैसी जल्दी पूरी बात जान लेते हैं। कई टेलीविजन सीरियल्स ऐसे हैं, जिन्होंने सालों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। यही वजह है जब सालों तक चलने वाले शोज अचानक बंद होते हैं, तो फैन्स के दिलों को काफी दुख पहुंचता है। ऐसे ही पॉपुलर शोज में सीआईडी का नाम भी शुमार है। इस शो ने तीन दशक तक टीआरपी लिस्ट पर राज किया। दर्शकों ने शो के किरदारों को भी खूब पसंद किया। इंस्पेक्टर दया, सीनियर इंस्पेक्टर अभिजीत और एसीपी प्रद्युमन जैसे कई किरदार हैं, जिन्हें आज भी लोगों का प्यार मिल रहा है। अब सीआईडी फैन्स के लिए एक गुड न्यूज सामने आई है। आपके फेवरेट अभिजीत यानी आदित्य श्रीवास्तव और दया मतलब दयानंद शेट्टी एक बार फिर टीवी पर लौट रहे हैं।*

# 44 डिग्री भीषण गर्मी में यूपी में 60 प्रतिशत मतदान, अमरोहा 62% के साथ सबसे आगे

## शोले की बसंती और रामायण के राम की हुई अग्निपरीक्षा

अनिल के. अंकुर ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव में दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की आठ सीटों पर मतदान हुआ। अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा लोकसभा सीट के लिए चुनाव मैदान में 91 प्रत्याशी थे, जिनमें 81 पुरुष तथा 10 महिलाएं थीं। 1.67 करोड़ मतदाता ने इनके भाग्य का फैसला, ईवीएम में बंद कर दिया। गौतम बुद्ध नगर व मथुरा सीट पर सर्वाधिक 15-15 और बुलंदशहर में सबसे कम 6 प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं।

पिछले चुनाव में इन 8 सीटों में से 7 भाजपा और 1 बसपा की झोली में गई थीं। लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण जाट बाहुल्य क्षेत्र में हुआ। संख्या की दृष्टि से सबसे अधिक मतदाता गाजियाबाद (29 लाख, 45 हजार 487) में तथा सबसे कम मतदाता बागपत (16 लाख 53 हजार 146) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में हैं। फिल्म शोले में गब्बर सिंह जैसे डकैतों से भिड़ने वाली बसंती यानी फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी ने भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा से अपनी किस्मत अजमाई और वहीं रामायण सीरियल में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोविल ने मेरठ चुनावी हुंकार भरी। मतदान में कई जगह राष्ट्रीय लोकदल और भाजपा के समर्थकों की पुलिस से बीच नोकझोंक भी हुई। शुक्रवार की सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक औसतन 60 प्रतिशत वोट पड़े।

**अठारहवीं लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में यूपी की 8 सीटों व बिहार में 5 सीटों पर मतदान हुआ। पश्चिमी यूपी की इन सीटों पर सुबह सात से शाम छह बजे तक वोट डले। सबसे कम मतदान मथुरा में 47.45 फीसद मथुरा में और सबसे अधिक मतदान अमरोहा में 62.36 फीसद हुआ। औसत मतदान 53.54 प्रतिशत रहा है।**

### एनडीए के समर्थकों की पुलिस से नोकझोंक



बागपत जनपद में मतदान के दौरान भाजपा और रालोद उम्मीदवारों के समर्थकों की पुलिस से नोकझोंक हो गई। भाजपा व रालोद के कार्यकर्ताओं की पुलिस से हाथापाई तक की नौबत पहुंच गई। इसके तमाम वीडीओ वायरल हो रहे हैं। वीडियो में रालोद प्रत्याशी के समर्थक और नेता पुलिस पर भाजपा के विरोध में काम करने का आरोप लगाते नजर आए। वहीं पुलिस का कहना है कि नेता बूथ पर चुनाव को प्रभावित कर रहे थे, जिससे शांतिपूर्ण मतदान बाधित हो रहा था।

### शाम तक वोटिंग पर एक नजर

*उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने बताया कि अलीगढ़ में 56.62 प्रतिशत, अमरोहा में 62.36 फीसद, बागपत में 53.69 फीसद, बुलंदशहर में 54.34 फीसद, गौतमबुद्धनगर में 52.46 फीसद, गाजियाबाद में 48.21 फीसद, मथुरा में 47.45 फीसद और मेरठ में 55.49 फीसद मतदान हुआ है। सुबह सात बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें लगने लगीं, दोपहर तक लोग छाता लेकर धूप से बचते हुए कतार में लगते नजर आए। शाम छह बजे के बाद भी कुछ मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की कतारें देखी गईं।*

### मतदान शुरू होते ही हेमा मालिनी का विरोध




मथुरा में मतदान शुरू होते ही मौजूदा सांसद हेमा मालिनी का विरोध शुरू हो गया. यहां एक पोलिंग बूथ पर अब तक एक भी वोट नहीं डाला गया है, यहां ग्रामीण बूथ से कुछ ही दूरी पर इकट्ठा बैठे हुए हैं. ऐसे में प्रशासनिक अधिकारी भी उन्हें समझाने के लिए पहुंचे हैं, लेकिन लोग किसी कि बात सुनने की बजाए अपनी मांग पर अड़े हुए हैं।इसके पीछे का कारण में गांव व्याप्त समस्याऐं हैं. इस दौरान गांव का कोई भी व्यक्ति पोलिंग बूथ पर नहीं पहुंचा बल्कि पास ही बैठकर विरोध जता रहे हैं. इससे प्रशासन में हड़कंप मच गया।

### मेरठ में नहीं माने राजपूत बूथ रहे खाली



मेरठ लोकसभा सीट पर भाजपा ने टीवी सीरियल रामायण में भगवान श्रीराम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल को अपना उम्मीदवार बनाया है। भाजपा को घेरने के लिए सपा-कांग्रेस ने दलित उम्मीदवार सुनीता वर्मा को टिकट दिया है। मेरठ में कुछ जगह काफी चौंकाने वाली चीजे सामने आई हैं। यहां मतदान कम हुआ है। चुनाव में कोई लहर नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोगों को घरों से बाहर निकालने की कोशिश तो की। मगर वह शायद इसमें कामयाब नहीं हो पाए। मुस्लिम बहुल्य क्षेत्रों में काफी मतदान हुआ है। मगर हिंदू क्षेत्रों में मतदान कम हुआ है।

### भाई और भाभी संग वोट करने पहुंचे शमी



भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाज मोहम्मद शमी शुक्रवार को अपने भाई हसीब और भाभी संग डिडौली क्षेत्र के गांव सहसपुर अलीनगर के मतदान केंद्र पर वोट डालने पहुंचे। वोट डालने के बाद उन्होंने कहा कि आपका वोट है आपको अपनी सरकार चुनने का हक है। शमी ने कहा कि अपने पसंद के प्रत्याशी को वोट दें। वोट डालना सभी का अधिकार है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है कि वह मंच से मेरा नाम लेकर प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि अमरोहा के लिए विकास, स्कूल, कॉलेज, मेडिकल कॉलेज यही सब कुछ मुद्दे हैं।

### रालोद प्रमुख जयंत ने पत्नी संग किया मतदान



रालोद चीफ जयंत चौधरी ने मथुरा में अपनी पत्नी चारु सिंह के साथ मतदान किया है। उन्होंने तस्वीर शेयर करते हुए कहा कि हम दोनों ने मथुरा में किया मतदान आप भी जरूर करें! उन्होंने इसके बाद मीडिया के सवालों के जवाब देते हुए दावा किया कि एनडीए की जीत तय है। इसकी वजह पीएम के कार्यकाल को बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के काम से सब खुश हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल को देखा है, 10 साल के कार्यों को देखा है और वे उससे प्रभावित हुए हैं। इस दौरान जयंत ने कांग्रेस के घोषणापत्र पर सवाल भी उठाए।

### बिहार में सर्वाधिक कटिहार में 64.60%, सबसे कम भागलपुर में 51% मतदान हुआ



पटना। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बिहार की पांच सीट पर शुक्रवार को शाम छह बजे तक 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी एचआर श्रीनिवास ने कहा कि राज्य के पांच संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में मतदान शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि इन सीटों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष ढंग और सुचारू रूप से मतदान कराने के लिए निर्वाचन आयोग ने 9,322 मतदान केंद्र बनाए थे। उन्होंने कहा कि किशनगंज में 64 प्रतिशत, कटिहार में 64.60 प्रतिशत, पूर्णिया में 59.94 प्रतिशत, भागलपुर में 51 प्रतिशत और बांका में 54 प्रतिशत मतदान हुआ। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में इन सीट पर शाम छह बजे तक 62.92 प्रतिशत मतदान हुआ था। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान शाम छह बजे तक किशनगंज में 66.35 प्रतिशत, कटिहार में 67.62 प्रतिशत, पूर्णिया में 65.37 प्रतिशत, भागलपुर में 57.17 प्रतिशत और बांका में 58.60 प्रतिशत मतदान हुआ था। दूसरे चरण के चुनाव में रिजर्व समेत कुल 11,887 कंट्रोल यूनिट, 11,769 बैलेट यूनिट तथा 12,665 वीवीपैट का उपयोग हुआ है, जिसमें 59 कंट्रोल यूनिट, 53 बैलेट यूनिट तथा 188 वीवीपैट मतदान अभ्यास के दौरान बदल दिए गए। इसके अलावा 36 कंट्रोल यूनिट, 36 बैलेट यूनिट तथा 275 वीवीपैट मतदान अभ्यास के बाद बदले गए।

### कटिहार में लाठीचार्ज में महिला घायल



कटिहार जिले के आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के खरसौता पंचायत अन्तर्गत हांसोपाड़ा गांव स्थित बूथ संख्या 289 में सुबह 7 बजे से ही मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हो रहा था। परंतु, समय बीतने के साथ महिलाओं की संख्या अधिक हो गई। इस दौरान कतार में लगी महिलाओं के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। इसे देखते हुए सुरक्षा कर्मियों ने लाठीचार्ज कर दिया। इससे करीब 20 मिनट तक मतदान कार्य बाधित रहा। वहीं, लाइन में खड़ीं 65 वर्षीय अनुदा उर्फ सिनोदिया देवी घायल हो गईं। उनका इलाज चल रहा है। पूर्णिया के संसदीय क्षेत्र के जलालगढ़ पंचायत भवन में मतदान करने आए एक नए मतदाता की वहां मौजूद एक पुलिस बल ने जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद यह मामला काफी तुल पकड़ लिया। पीड़ित युवक एवं उसके परिजन पिटाई करने वाले पुलिस पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग करते हुए मतदान का बहिष्कार कर दिया। जिसके चलते घंटों तक मतदान का प्रक्रिया बाधित रही।

## पेज एक का शेष

### मतदान पर भारी...

मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में पहली बार अपने ही गांव में स्थापित मतदान केंद्र में वोट डाला। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। दूसरे चरण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी, शशि थरूर, वैभव गहलोत, रविंद्र सिंह भाटी, पप्पू यादव, हेमामालिनी, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, तेजस्वी सूर्या समेत कई प्रमुख नेता इस चरण में किस्मत आजमा रहे हैं।

### बैलेट पेपर से नहीं....

भी सुप्रीम कोर्ट में दायर होती रही हैं। अब इस मुद्दे पर हमेशा के लिए विराम लग जाना चाहिए। आगे चलकर, जब तक ईवीएम के खिलाफ कोई पुख्ता सबूत न हो, मौजूदा व्यवस्था निरंतर सुधार के साथ लागू रहनी चाहिए। मतदान के लिए ईवीएम के बजाए बैलट पेपर या फिर कोई दूसरा पीछे ले जाने वाली व्यवस्था को अपनाना, (जो देशवासियों के हितो की सुरक्षा न कर सके) उससे बचा जाना चाहिए। हालांकि, जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने भारत के चुनाव आयोग से इस बात की जांच करने को कहा कि क्या वीवीपैट पर्चियों पर पार्टी के चुनाव चिन्ह के अलावा कोई बारकोड हो सकता है, जिसे मशीन से गिना जा सके। अपने फैसले में जस्टिस खन्ना ने मामले में दो निर्देश पारित किए. सबसे पहले सभी सिंबल लोडिंग यूनिट्स (एसएलयू) को सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने पर एक मई या उसके बाद सील कर दिया जाएगा और परिणाम घोषित होने के बाद कम से कम 45 दिनों तक स्ट्रॉन्ग रूम में रखा जाएगा। कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को इलेक्ट्रॉनिक मशीन के जरिए पेपर पर्ची के वोटों की गिनती के सुझाव का परीक्षण करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने न्यायमूर्ति खन्ना द्वारा जारी निर्देशों से सहमति जताते हुए एक अलग राय दी। वीवीपीएटी को वोटिंग मशीनों के लिए एक स्वतंत्र सत्यापन प्रणाली माना जाता है, जो मतदाताओं को यह सत्यापित करने की अनुमति देती है कि उन्होंने अपना वोट सही ढंग से डाला है या नहीं?

### कागजी मतपत्रों या ...

से बचना होगा जो भारतीय नागरिकों के हितों की पर्याप्त रूप से रक्षा नहीं करते हैं। सिस्टम या संस्थानों के मूल्यांकन में संतुलित परिप्रेक्ष्य बनाए रखना महत्वपूर्ण है, सिस्टम के किसी भी पहलू पर आंख मूंदकर अविश्वास करना अनुचित संदेह पैदा कर सकता है और प्रगति में बाधा डाल सकता है। इसके बजाए, सार्थक सुधार के लिए जगह बनाने और सिस्टम की विश्वसनीयता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए साक्ष्य और कारण द्वारा निर्देशित एक महत्वपूर्ण लेकिन रचनात्मक दृष्टिकोण का पालन किया जाना चाहिए। चाहे नागरिक हों, न्यायपालिका हों, निर्वाचित प्रतिनिधि हों, या यहां तक कि चुनावी मशीनरी भी हो, लोकतंत्र खुले संवाद, प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और सक्रिय रूप से प्रणाली में निरंतर सुधार के माध्यम से अपने सभी स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास बनाने का प्रयास लोकतांत्रिक प्रथाओं में भागीदारी करने के बारे में है। विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर, हम अपने लोकतंत्र की नींव को मजबूत कर सकते हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी नागरिकों की आवाज़ और पसंद को महत्व दिया जाए और उनका सम्मान किया जाए।

### अगर नोटा पर ज्यादा ...

सके, ऐसी व्यवस्था की जानी चाहिए। अभी के लिए सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग ने इस बारे में पूछा और उनसे ही जवाब दाखिल करने को कहा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की बेंच ही इस मामले की सुनवाई कर रही है।

### ईवीएम पर विपक्ष फिर ...

की पहचान भय, भ्रम और भ्रष्टाचार है। यूपीए का नाम इंडी गठबंधन रख लेने से जनता के बीच उनका चेहरा नहीं बदला है। मुस्लिम कोटे से जुड़े एक सवाल के जवाब में अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने स्पष्ट किया है कि मुस्लिम कोटा को समाप्त कर एसटी, एससी और ओबीसी को उनका हक दिया जाएगा। आज कांग्रेस के तुष्टीकरण की राजनीति की पोल देश के सामने खुल चुकी है। यह लोग तुष्टीकरण के नाम पर आपकी संपत्ति से लेकर कोटा और सभी हक एक विशेष समुदाय को देना चाहते हैं। पूरा देश देख रहा है कि कैसे राहुल गांधी अपने मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बेच रहे हैं। आज कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों में क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाई भतीजा वाद और सनातन विरोध के अलावा कुछ नहीं दिखता। इनका मेनिफेस्टो साफ तौर पर भारत विरोधी और विदेशी ताकतों से प्रेरित लगता है। अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं और संभव है कि वह जल्द किसी दूसरी जगह से भी नामांकन करें। वायनाड चुनाव में पाकिस्तान परस्त और आतंकी विचारधारा वाले पीएफआई और एसडीपीआई का समर्थन लेना ही राहुल गांधी और कांग्रेस की गिरी हुई और भारत विरोधी सोच को स्पष्ट करता है। इससे पता चलता है कि एक चुनाव जीतने के लिए वह किसी भी हद तक गिर सकते हैं।

अनुराग ठाकुर ने देश के सभी लोगों खासकर नौजवानों से आग्रह करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में 18वें लोकसभा चुनाव के लिए पूरे जोश के साथ वोटिंग करने अवश्य जाएं। यह अवसर 5 वर्षों में एक बार आता है इसीलिए प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।

### वॉट्सएप की धमकी-...

के जरिए यूजर की निजता की रक्षा की जाती है। इसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि संदेश भेजने वाला और उसे प्राप्त करने वाला ही अंदर के कंटेंट को जान सकता है। कंपनी की तरफ से कोर्ट में पेश हुए तेजस कारिया ने कोर्ट से कहा कि एक प्लेटफॉर्म के तौर पर हम कह रहे हैं कि अगर हमें एनक्रिप्शन तोड़ने के लिए कहा गया, तो वॉट्सएप भारत से चला जाएगा। इस मामले में अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी।

**मैसेज सेंडर की पहचान करने का प्रावधान:** 2021 इंफोरमेशन टेक्नोलॉजी के एक नियम में सोशल मीडिया और मैसेजिंग एप्स को यूजर्स की चैट्स ट्रेस करने और किसी मैसेज के पहले सेंडर की पहचान करने का प्रावधान बनाने की बात कही गई है। वहीं, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने इस मामले में पूछा कि क्या दूसरे देशों में भी ऐसे नियम हैं? जिसके जवाब में वॉट्सएप ने कहा कि ऐसा कोई नियम दुनिया में कहीं भी नहीं है। यहां तक की ब्राजील में भी नहीं है। इस नियम के लिए वॉट्सएप को लाखों संदेशों को वर्षों तक स्टोर करने की आवश्यकता होगी।

### युवाओं के बैंक ...

और हर महीने 8,500 रुपए बैंक अकाउंट में ठकाठक-ठकाठक-ठकाठक साल के एक लाख रुपए बैंक अकाउंट में ठक। हिंदुस्तान को करोड़ों युवाओं की एक ट्रेंड वर्क फोर्स मिलेगी।

राहुल गांधी ने कहा कि मोदी 24 घंटे आपका ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। बीते दस साल में उन्होंने सिर्फ गरीबों से पैसा छीना है। उन्होंने देश के 22 लोगों को उतना धन दे दिया, जितना देश के 70 करोड़ लोगों के पास है। हिंदुस्तान में एक फीसदी ऐसे लोग हैं, जो 40 फीसदी धन कंट्रोल करते हैं, इसलिए कांग्रेस पार्टी बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी, जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम हिंदुस्तान के गरीबों को देंगे। गांधी ने कहा कि जैसे मनरेगा में रोजगार की गारंटी दी, वैसे ही हम ग्रेजुएट को अप्रेंटिसशिप की गारंटी दे रहे हैं।

## पीएम के नाम और उनके काम पर मिल रहा जनता का आशीर्वाद

# जनता की ताकत के साथ हर असंभव काम को कर रहे संभव, मोदी का सपना होगा साकार: योगी

**2004 से 2014 तक कांग्रेस नेतृत्व की यूपीएस सरकार के समय दुनिया के अंदर देश की पहचान का संकट था। तब हमारी सीमाएं सुरक्षित नहीं थी, आतंकवाद चरम पर था और नक्सलवाद देश के अंदर तेजी के साथ फैल रहा था। उस दौरान आतंकी कहीं भी विस्फोट करके निर्दोषों को मार देते थे।**

*यूपीए सरकार के समय दुनिया के अंदर देश की पहचान का संकट था।*

एजेंसी ▶▶ संभल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिलारी में कहा कि जनता की ताकत के साथ हम हर असंभव काम को संभव कर रहे हैं। दूसरे चरण के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशियों को जनता का लगातार आशीर्वाद मिल रहा। जब चार जून को ईवीएम खुलेंगे तब एक बार फिर मोदी सरकार का सपना साकार हो जाएगा।

मोदी के नाम और उनके काम पर जो आशीर्वाद भाजपा के प्रत्याशियों को प्राप्त हो रहा है वह अभिभूत करने वाला है। जब लोग पूछते हैं कि देश के अंदर आखिरकार चार सौ पार का नारा क्यों लग रहा है। सीएम ने कहा कि यह नारा इसलिए कि मोदी सरकार ने 10 वर्ष में देश की तस्वीर



और तकदीर को बदलने का काम किया है। 2004 से 2014 तक कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के समय दुनिया के अंदर देश की पहचान का संकट था। तब हमारी सीमाएं सुरक्षित नहीं थी, आतंकवाद चरम पर था और नक्सलवाद देश के अंदर तेजी के साथ फैल रहा था। उस दौरान आतंकी कहीं भी विस्फोट करके निर्दोषों को मार देते थे। कांग्रेस की सरकार के दौरान देश के अंदर विकास कार्य ठप होने के साथ भ्रष्टाचार चरम पर था। गरीबों के हक पर डकैती डालने का कार्य होता था। इसी तरह प्रदेश में सपा और बसपा के समय लोग भूख से मरते थे। आज 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ प्राप्त हो रहा है। भाजपा सरकार में 60 करोड़ लोगों को आयुष्मान योजना के फ्री चिकित्सा सुविधा मिल रही है। भाजपा चेहरा देखकर योजना का लाभ नहीं देती। हमारा मंत्र सबका साथ और सबका विकास है। कहा कि पीएम मोदी के लिए 140 करोड़ लोग ही उनका परिवार है।

योगी ने कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाजवादी पार्टी ने अपने परिवारों के लिए खूब धन कमाया लेकिन गरीबों के लिए कुछ भी नहीं किया। वर्तमान में कांग्रेस और सपा का जो इंडी गठबंधन है उसमें वह गरीबी हटाने की बात करते थे। जब पूछा जाता है कैसे हटाएंगे कोई जवाब नहीं मिलता। गरीबी गरीबी हटाओ का नारा इंदिरा गांधी ने 1970 में दिया था। उन्होंने कहा कि वह गरीबी नहीं हटा सकी लेकिन अब नाती भी वही रट लगाए है।

### मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं विपक्षी दल

योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं। अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत में सीएम योगी ने जनता को कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रति आगाह किया और उसे भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक बताया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और सहयोगी दल देश की राजनीति का तालिबानीकरण करने पर उतारू हो चुके हैं। माओवादी दुष्प्रवृत्ति को फिर से लागू करने का प्रयास किया जा रहा है। पर्सनल लॉ के जरिए तीन तलाक जैसी कुप्रथा को पुनर्स्थापित करके महिलाओं का अपमान करने का प्रयास किया जा रहा है।" उन्होंने कहा कि इसीलिए इन मुद्दों को आज के परिप्रेक्ष्य में भाजपा पुरजोर तरीके से उठाकर इसका विरोध कर रही है। योगी ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है।

## गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में

# झारखंड के पूर्व सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन, लड़ेंगी उप चुनाव

एजेंसी ▶▶ रांची

जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़ेंगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने गुरुवार को इसका ऐलान किया।

झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे की वजह से गिरिडीह जिले की यह सीट खाली हुई है। गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव 20 मई को होगा, जब राज्य में संसदीय चुनाव के लिए भी वोट डाले जाएंगे।

बता दें कि कल्पना गृहणी हैं और



उनकी शैक्षिक योग्यता एम. टेक और एमबीए हैं। उन्होंने ओडिशा के मयूरभंज जिले के बारीपाडा में स्कूली शिक्षा प्राप्त की और इंजीनियरिंग तथा एमबीए की पढ़ाई भुवनेश्वर के अलग-अलग संस्थानों से की।

उनका राजनीतिक सफर चार मार्च को गिरिडीह जिले में झामुमो के 51वें स्थापना दिवस समारोह से शुरू हुआ, जब उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित किया था। इसमें उन्होंने दावा किया कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार बनने के बाद से विरोधियों द्वारा एक साजिश रची गई थी और उनके पति को जेल में डालने वाली ताकतों को झारखंड मुंहतोड़ जवाब देगा। उनके पति हेमंत सोरेन को कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था।

### झारखंड हाईकोर्ट से राहुल को राहत, पेशी पर रोक लगाई

*रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को राहत दी है। हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए अदालत में राहुल गांधी की पेशी पर रोक लगा दी है। बता दें कि चाईबासा जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा 27 फरवरी को राहुल गांधी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था। इसके खिलाफ कांग्रेस नेता ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। एमपी-एमएलए अदालत ने यह याचिका खारिज की, जिसके बाद राहुल ने झारखंड उच्च न्यायालय का रुख किया था।*

## चिंतन

# ईवीएम की विश्वसनीयता पर बेवजह सवाल सही नहीं

देश में जारी आम चुनाव के दौरान वीवीपैट से जुड़ीं सभी याचिकाएं खारिज कर सौ फीसदी वीवीपैट से मिलान की मांग का फिलहाल पटाक्षेप हो गया है। ईवीएम को लेकर जारी बहस पर भी विराम लग गया है। देश में ईवीएम से चुनाव होते रहेंगे, मतपत्र की ओर लौटने की किसी भी संभावना का अंत हो गया है। चुनाव की मौजूदा व्यवस्था चलती रहेगी। अभी ईवीएम से चुनाव होते हैं और चुनिंदा सेंटरों पर वीवीपैट से मिलान की व्यवस्था है। ईवीएम से चुनाव में किसी भी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी की आशंकाओं को निर्वाचन आयोग पहले ही खारिज कर चुका है। उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के माध्यम से डाले गए वोट का 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) के साथ मिलान कराने का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज करते हुए अहम बात कही कि तंत्र के किसी भी पहलू पर ''आंख मूंद कर अविश्वास करना'' बिना वजह संदेह पैदा कर सकता है। पीठ ने मतपत्रों से चुनाव कराने की प्रकिया पुनः अपनाने का अनुरोध करने वाली याचिका भी खारिज कर दिया है। दरअसल, लोकतंत्र का अर्थ सद्भाव और सभी संस्थाओं में भरोसा बनाए रखने का प्रयास करना है। सुप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा फैसला भी दिया है कि उम्मीदवार की शिकायत पर ईवीएम की जांच हो सकती है। ईवीएम के 42 वर्ष के इतिहास में ऐसा प्रावधान पहली बार किया गया है। अगर दूसरे या तीसरे नंबर पर आने वाले को किसी प्रकार का शक है तो वे 7 दिनों के भीतर शिकायत कर सकते हैं। इस जांच का खर्च प्रत्याशी को उठाना होगा। जांच के बाद अगर ये साबित होता है कि ईवीएम से छेड़छाड़ की गई है तो शिकायत करने वाले उम्मीदवार को जांच का पूरा खर्च लौटा दिया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी तीन निर्देश दिए हैं। चुनाव चिन्ह लोडिंग प्रक्रिया के पूरा होने के बाद इस यूनिट को सील कर दिया जाए। सील की गई यूनिट को 45 दिन के लिए स्ट्रॉन्ग रूम में स्टोर किया जाए। इलेक्ट्रॉनिक मशीन से पेपर स्लिप की गिनती के सुझाव का परीक्षण किया जाय। कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग यह भी देखे कि चुनाव चिन्ह के अलावा हर पार्टी के लिए बारकोड भी हो सकता है क्या? दिलचस्प है कि ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने वाली याचिकाओं को अदालत ने अब तक 40 बार खारिज की है। 24 अप्रैल को 40 मिनट की सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। इस पीठ में शामिल न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने एक महत्वपूर्ण बात भी की है कि केवल अटकल के आधार पर चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाने की अनुमति नहीं दे सकते। यह उन याचिकाकर्ताओं को आईना दिखाना है, जो बार-बार इस मुद्दे को अदालत लेकर गए हैं। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, याचिकाकर्ता न तो कभी यह दिखा पाए कि चुनाव में ईवीएम का इस्तेमाल निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के सिद्धांत का कैसे उल्लंघन करता है और न ही डाले गए सभी वोट से वीवीपैट पर्चियों के शत प्रतिशत मिलान के अधिकार को साबित कर सके। चुनाव में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए वीवीपैट का इस्तेमाल करीब 11 वर्ष पहले शुरू किया गया था। समय के साथ ईवीएम खरी उतरी हैं और मतदान प्रतिशत में वृद्धि इस बात को मानने का पर्याप्त कारण है कि मतदाताओं ने मौजूदा प्रणाली में विश्वास व्यक्त किया है। देश को पिछले 70 वर्ष से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने पर गर्व रहा है, जिसका श्रेय काफी हद तक निर्वाचन आयोग और जनता द्वारा उस पर जताए गए विश्वास को दिया जा सकता है।



चुनाव
अखिलेश आर्येंदु

# राजनीतिक मूल्यों को न भूलें दल

लोकतंत्र के इस उत्सव में जब चुनाव की गहमागहमी का मकसद येन केन प्रकारेण महज सत्ता हासिल करने तक ही सीमित हो गया हो तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। मूल्य पतन और विचारहीनता सत्ता पाने की ललक भले ही पूरी करती हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सुखद स्थिति नहीं है। लोकतंत्र का शासन सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय के लिए जाना जाता है। लोकतंत्र की गहराई को लेकर यकीन भी होता है कि जिस लोकतंत्र के पहरुए डॉ. लोहिया, नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री रहे हों, वहां राजनीतिक मूल्यहीनता और भ्रष्टाचार का बढ़ना और भी चिंताजनक है।

बदलते जमाने ने हमें यह सिखा दिया है कि हवाओं के साथ बहना ही अच्छा है। कविता की ये पंक्तियां आज के राजनीतिक माहौल को बयां करने के लिए काफी हैं। लोकतंत्र के इस उत्सव में जब चुनाव की गहमागहमी का मकसद येन केन प्रकारेण महज सत्ता हासिल करने तक ही सीमित हो गया हो तो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के भविष्य को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जाहिर तौर पर लोकतंत्र का शासन सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय के लिए जाना जाता है। लोकतंत्र की गहराई को लेकर यकीन भी होता है कि जिस लोकतंत्र के पहरुए डॉ. लोहिया, नेहरू, आचार्य नरेंद्रदेव, लाल बहादुर शास्त्री, जेपी. कामराज, कर्पूरी ठाकुर व चौधरी चरण सिंह रहे हों, वहां राजनीतिक मूल्यहीनता और भ्रष्टाचार का बढ़ना और भी चिंताजनक है।

इस चुनाव को देखकर स्वामी विवेकानंद का वह वाक्य भी याद आता है कि राजनीति एक खेल है जिसे चालाक लोग खेलते हैं, मूर्ख लोग दिनभर चर्चा करते हैं। चुनाव में चर्चाओं का दौर दिनभर चलता है। ये चर्चाएं हिंसक, अहिंसक, व्यर्थ और काम की भी हुआ करती हैं। कहते हैं लोकतंत्र में चर्चाएं चुनाव के वक्त हवा बनाने या हवा का रुख बदलने का कार्य किया करती हैं, लेकिन ये चर्चाएं वाद-विवाद झगड़े और हिंसा की वजह बन जाएं तो यह सेहतमंद लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। जाहिर तौर पर आम चुनाव लोकतंत्र का जिंदा रहने का सबूत और यकीन भी है, लेकिन आम चुनाव में जिस तरह से राजनीतिक मूल्यों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जाती हैं, वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रति आशंका भी पैदा कर रहा है। इसके लिए महज राजनेता ही जिम्मेदार नहीं हैं बल्कि देश का सारा तंत्र कमोवेश जिम्मेदार है। दो चरण का चुनाव हो चुका है। पहले चरण में पिछले आम चुनाव से कम मत पड़े हैं। इसकी तमाम वजह बताई जा रही हैं, लेकिन उन तमाम वजहों में एक बड़ी वजह मतदाताओं का चुनाव के प्रति उदासीन होना बताया जा रहा है। चुनाव आयोग की तमाम कवायदों के बावजूद यदि मत प्रतिशत कम है तो इसकी वजह तो यह भी हो सकती है कि लोगों के सामने कोई पार्टी या नेता के रूप में कोई ऐसा विकल्प नहीं दिख रहा है जो उनकी उम्मीदों पर खरा उतर सकता हो। गौरतलब है आजादी के सात दशक बाद भी करोड़ों लोगों के सामने यदि समस्याओं का अम्बार लगा मिले और आम आदमी खुद को उन समस्याओं को कम या हल करने में अक्षम पा रहा हो तो उसकी उम्मीदों पर पानी फिरता ही है। इसके लिए भले ही किसी एक पार्टी को जिम्मेदार न मानें, लेकिन सबसे लम्बे समय तक देश पर शासन करने वाली पार्टी की नाकामी को नज़रअंदाज नहीं किया जा सकता है। इस बार के आम चुनाव में भी एक बार फिर राजनीतिक दलों में सत्ता हासिल करने के लिए राजनीतिक मूल्यों की परवाह न करते हुए वे सभी हथकंडे अपनाए जा रहे हैं जो राजनीतिक मूल्यों और लोकतंत्र के लिए किसी भी तरह जायज नहीं ठहराए जा सकते हैं। विडम्बना ही कही जाएगी कि सत्ता पाने के लिए वे दल भी इस चुनावी समर में दंडबैठक कर रहे हैं जिनका न जनाधार है और न ही





कोई बेहतर दूरदर्शी राजनीतिक सोच ही है। जाहिर तौर पर राजनीतिक गठजोड़ व दबाव की राजनीति के बूते सत्ता हथियाने की सारी तरकीबें इस चुनाव में देखी जा सकती है। यह देखते हुए अच्छे, निष्ठावान, मूल्यों को संरक्षित करने वाले ईमानदार व सक्षम जननायक लोकतंत्र के इस समर में कूदने की हिम्मत ही नहीं जुटा पा रहे हैं। यह स्वस्थ लोकतंत्र के भविष्य के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता है। आज जरूरत इस बात की है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास के लिए स्वदेशी का आधार, सतत आर्थिक व सामाजिक विकास, पशुधन व पर्यावरण सुरक्षा, सुशासन, स्वावलम्बन, हिंसा व भ्रष्टाचार मुक्त समाज, हर हाथ को काम व उसका उचित दाम और मूलभूत आवश्यकताएं मसलन सड़क, बेहतर यातायात के साधन, कृषि और कृषकों की खुशहाली, सब को बिजली, सबके लिए समान अधिकार व कानून, राजनीतिक व सामाजिक आचार संहिता का पालन, भारतीय शिक्षा का माध्यम भारतीय भाषाओं में ही सुनिश्चित करने की गारंटी, सबको पीने योग्य पानी, प्राकृतिक व मानव संसाधन का जरूरत के मुताबिक वितरण, सबको फ्री चिकित्सा, गरीब व मजदूर वर्ग के उत्थान के लिए ठोस नीतियां, आधुनिक सूचना तंत्र को और बेहतर बनाने की योजनाएं, बढ़ती गैर बराबरी को खत्म करने के लिए ठोस आर्थिक नीति, महिलाओं की सुरक्षा व खुशहाली, युवा वर्ग की क्षमता का बेहतर इस्तेमाल जैसे जनहितकारी और राष्ट्रीय मुद्दों की जगह लोक लुभावने वादे, नारे और भाषणों की भरमार किस लोकतंत्र के हिस्से कहे जाएंगे! राजनीति के केंद्र में जो वादे या घोषणाएं होनी चाहिए उनकी जगह तुष्टिकरण, लोक लुभावने वादे, राजनीति कर सत्ता पर काबिज होने का चलन का लगातार बढ़ते जाना सुखद लोकतंत्र का हिस्सा नहीं है, यह सच्चाई यदि किसी दल को याद नहीं है तो इससे न तो संविधान की रक्षा हो सकती है और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों और शक्तियों को सुरक्षित करना ही सुनिश्चित हो सकता है। भारतीय लोकतंत्र का स्वरूप ऐसा होना चाहिए कि दूसरे मुल्क भी भारत के मूल्याधारित लोकतंत्र को दुनिया का सबसे बेहतरीन लोकतंत्र कह कर इसकी सराहना करते। आज भारत के इस लोकतंत्र के उत्सव पर विश्व मीडिया की बारीक नजर लगी हुई है। वे इस उत्सव के अप्रत्यक्ष पर्यवेक्षक बने हुए हैं, इसलिए आम चुनाव महज भारतीय लोकतंत्र के लिए ही महत्वपूर्ण नही है बल्कि दुनिया में तेजी से भारत की बढ़ती साख के नजरिये से भी महत्वपूर्ण है। जिस लोकतंत्र के स्वप्न हमारे संविधान निर्माताओं ने देखे थे उन स्वप्नों को पंख देने की दृढ़ इच्छा शक्ति किसी दल में दिखाई नहीं दे रही है। शायद इसलिए मतदाता इस बार खामोश है। उसकी उदासीनता यह बताती है कि कोई भी सत्ता में आए उसकी रोजमर्रा की समस्याएं जस की तस रहने वाली हैं।

भारत के कई राज्यों में लम्बे समय से अराजकता का माहौल देखने को मिलता रहा है। बाहुबलियों और माफियाओं ने अपना दबदबा शासन तक बना रखा था। लोकतंत्र का क्षरण और लोकतंत्र को बंधक बनाने वाली प्रथम चरण में देश के पूर्वोत्तर और पश्चिम बंगाल में हिंसा की खबरें लोकतंत्र के इस उत्सव को क्या दागदार नहीं बनाती! राष्ट्रीय हितों की कीमत पर मूल्य पतन और विचारहीनता सत्ता पाने की ललक भले ही पूरी करती हो, लेकिन भारतीय लोकतंत्र के लिए यह सुखद स्थिति नहीं है। आम आदमी को चाहिए कि वह जात पात, क्षेत्रवाद और निहित स्वार्थों से ऊपर उठकर केवल ऐसी पार्टियों और नेताओं का बहिष्कार ही न करे वरन, अपने बहुमूल्य मत का इस्तेमाल करते हुए देशहित में निर्णय लें। जाहिर तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा, सबका साथ लेते हुए सबका विकास और आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए जो पार्टी कटिबद्ध दिखे उसे ही अपना बहुमूल्य मत दें। नोटा की बटन भी इसमें से कोई नहीं के तौर पर विकल्प के रूप में मौजूद है।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



*अटुकल भगवती मंदिर केरल के तिरुवनंतपुरम में स्थित बहुत ही आकर्षक मंदिर है। अट्टुकल भगवती मंदिर माँ देवी भगवती को समर्पित एक धार्मिक मंदिर है। इसे महिलाओं की सबरीमाला के रूप में जाना जाता है और अपने वार्षिक अट्टुकल पोंगल उत्सव के लिए बड़ी संख्या में महिला भक्तों को आकर्षित करती है।*

## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
**दर्शन**

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मो की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## क्या भगवान का अस्तित्व है?



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक व्यक्ति नाई की दुकान पर अपने बाल कटवाने गया। तभी नाई ने कहाः मैं भगवान के अस्तित्व को नहीं मानता और इसीलिए तुम मुझे नास्तिक भी कह सकते हो। तुम ऐसा क्यों कह रहे हो व्यक्ति ने पूछा। नाई ने कहाः बाहर जब तुम सड़क पर जाओगे तो तुम समझ जाओगे कि भगवान का अस्तित्व नहीं है। अगर भगवान होते, तो क्या इतने सारे लोग भूखे मरते? क्या इतने सारे लोग बीमार होते? व्यक्ति ने थोड़ा सोचा लेकिन वह वाद-विवाद नहीं करना चाहता था। नाई ने अपना काम खत्म किया और वह व्यक्ति नाई को पैसे देकर दुकान से बाहर आ गया। वह जैसे ही नाई की दुकान से निकला, उसने सड़क पर एक लम्बे-घने बालों वाले एक व्यक्ति को देखा जिसकी दाढ़ी भी बढ़ी हुई थी और ऐसा लगता था शायद उसने कई महीनों तक अपने बाल नहीं कटवाए थे। वह व्यक्ति वापस मुड़कर नाई की दुकान में दुबारा घुसा और उसने नाई से कहाः क्या तुम्हें पता है? नाइयों का अस्तित्व नहीं होता। नाई ने कहाः तुम कैसी बेकार बातें कर रहे हो? क्या तुम्हे मैं दिखाई नहीं दे रहा? मैं यहाँ हूँ और मैं एक नाई हूँ। और मैंने अभी अभी तुम्हारे बाल काटे है। व्यक्ति ने कहाः नहीं! नाई नहीं होते हैं। अगर होते तो क्या बाहर उस व्यक्ति के जैसे कोई भी लम्बे बाल व बढ़ी हुई दाढ़ी वाला होता? नाई ने कहाः अगर वह व्यक्ति किसी नाई के पास बाल कटवाने जाएगा ही नहीं तो नाई कैसे उसके बाल काटेगा?

दरकार
सोनम लववंशी



# मेधा का सम्मान करना सीखें

बीते दिनों यूपी बोर्ड 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। सीतापुर की प्राची निगम ने पूरे प्रदेश में टॉप किया है, लेकिन हमारे समाज की निकृष्ट सोच का स्तर देखिए प्राची के अच्छे स्कोर, उसकी पढ़ाई के प्रति लगन की सराहना करना तो दूर पर प्राची के चेहरे पर दिख रहे बालों का मजाक बनाया जा रहा है। सोशल मीडिया पर तरह-तरह के मीम्स बनाए जा रहे हैं। सोचिए उसके बाल मन पर क्या बीत रही होगी। जिस कार्य के लिए समाज को उसकी सराहना करनी चाहिए, उसके बजाय किस चीज पर बात कर रहे हैं। क्या आज के समय में चेहरे की खूबसूरती ही मायने रखती है? पढ़ाई लिखाई का खूबसूरती के आगे कोई महत्व नहीं है! प्राची ने 98.50 प्रतिशत के उत्कृष्ट स्कोर के साथ 600 में से 591 अंक प्राप्त किए हैं। ज़ाहिर सी बात है कि इसके लिए प्राची ने कड़ी मेहनत की है, लेकिन विकृत मानसिकता वाले उसकी उपलब्धि को तरजीह न देकर उसकी शक्ल-सूरत को निशाना बनाकर सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे हैं। हमारे समाज में अक्सर एक लड़की को उसके रंग रूप को लेकर जज किया जाता है, पर सवाल तो यह है कि, क्या बिना शिक्षा के समाज चल पाएगा? अगर बिना पढ़े-लिखे सिर्फ सुंदर दिखने और फैशन से ही देश चल सकता है, तो फिर देश में एजुकेशन सिस्टम का क्या महत्व है? देश में शिक्षण संस्थानों की जगह सौंदर्य प्रसाधन केंद्र ही खोल दिए जाने चाहिए। दरअसल हमारे समाज की यही परेशानी है। कोई किसी की उपलब्धि की सराहना करे या न करे, निंदा करने में कोई पीछे नहीं रहता है। सदियों से महिला को केवल उपभोग की वस्तु के रूप में देखा जाता है जहां उसकी बाहरी खूबसूरती पितृसत्तात्मक समाज के लिए ज़रूरी हो जाती है। महिला खूबसूरत नहीं है तो उसे समाज में सम्मान की नजरों से नहीं देखा जाता है। स्त्री को स्वयं को इन मापदंडों से मुक्त करना होगा। यूं तो सोशल मीडिया के बढ़ते चलन ने भले ही सामाजिक दायरे को काफ़ी बढ़ा दिया है, लेकिन दूसरी तरफ़ ट्रोल गैंग जैसी विकृत मानसिकता एक्टिव हो गई है। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि इंसान कौन है। उसे क्या परेशानी है। बस अपने मज़े के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में अनाप शनाप लिखना होता है। प्राची को मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पीसीओएस यानी पॉलिसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम नामक बीमारी है। इस बीमारी में मेटाबॉलिज्म और हॉर्मोनल इंबैलेंस ज्यादा होता है। यहां तक कि पीरियड्स की भी समस्या रहती है। सोचिए कि जिस मासूम को दुनियादारी की परवाह तक नहीं है उसे तो सिर्फ अपनी पढ़ाई से मतलब है, बावजूद इसके ट्रोल गैंग उसे निशाना बना रहा है। एक ग़रीब ठेकेदार की बेटी की कामयाबी भी सभ्य समाज से देखी नहीं गई। वैसे अगर प्राची की जगह कोई लड़का टॉप करता तब उसके रंग रूप या चहरे को लेकर कोई चर्चा नहीं करता। क्यों समाज में स्त्री और पुरुषों में इस तरह भेदभाव किया जाता है। लड़की को लेकर समाज इतना संवेदनहीन हो चला है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब किसी स्त्री को उसके रंग रूप या किसी अन्य कारण से अपमानित किया गया हो। यहां तक कि हमारे देश की राष्ट्रपति तक को उनके रंग को लेकर मज़ाक बनाया गया। हमारे समाज को महिलाओं के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी। महिला कोई वस्तु नहीं है, उसका अपना एक वजूद है। उसे समाज में सम्मान मिलना चाहिए।

(लेखिका फ्रीलांसर एवं शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

**इलाज पर भरोसा बना रहना चाहिए**

पतंजलि के कुछेक उत्पादों का मामला सुर्खियों में है। वैसे भ्रामक विज्ञापन किन्हीं एक या दो कंपनियों के ही नहीं होते, लगभग हर कंपनी अपने प्रोडक्ट बेचने के लिए ऐसा करती है। पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों की सुनवाई के साथ-साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से उच्चतम न्यायालय ने जो भी सवाल पूछे, उनके संबंधित संस्थाओं को साफ-साफ उत्तर देने चाहिए और सबकी निष्पक्ष और उचित जांच भी होनी चाहिए। इसका सारा सच आमजन के सामने मीडिया के जरिए भी आना चाहिए। दूसरी चीज आयुर्वेद की या अंग्रेजी दवाएं हों, इनकी कीमत इतनी निर्धारित होनी चाहिए कि ये गरीब से गरीब व्यक्ति को आसानी से उपलब्ध हों। - **वीरेंद्र कश्यप**, दुर्ग

## करंट अफेयर

# श्रीलंका के मटाला हवाई अड्डे की जिम्मेदारी भारत-रूस को

श्रीलंका के हम्बनटोटा स्थित मटाला राजपक्षे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रबंधन की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को संयुक्त रूप से दी गई है। सरकार के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस हवाई अड्डे का निर्माण 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया गया है और एक समय उड़ानों की कमी की वजह से इसे 'दुनिया का सबसे सुनसान हवाई अड्डा' करार दिया गया था। सरकारी प्रवक्ता और मंत्री बांदुला गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने नौ जनवरी को संभावित पक्षकारों से रुचि पत्र आमंत्रित करने की मंजूरी दी थी। उन्होंने बताया कि इसके बाद पांच प्रस्ताव प्राप्त हुए और कैबिनेट द्वारा नियुक्त सलाहकार समिति ने भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए एक प्रबंधन अनुबंध देने का निर्णय लिया। गुणवर्धने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नागरिक विमानन और हवाई अड्डा सेवा मंत्री की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। मटाला हवाई अड्डे का नाम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम पर रखा गया है। महिंदा राजपक्षे के करीब एक दशक के शासन में कई विशाल आधारभूत संरचना परियोजनाएं शुरू की गई जिनमें से यह एक है।




## ऑफ बीट

# आपका भोजन आने वाली नस्लों को बदल सकता है

पिछली शताब्दी के दौरान, आनुवंशिकी के बारे में शोधकर्ताओं की समझ में गहरा परिवर्तन आया है। जीन, डीएनए के क्षेत्र जो हमारी शारीरिक विशेषताओं के लिए काफी हद तक जिम्मेदार हैं, 1865 में जीवविज्ञानी ग्रेगर मेंडल द्वारा शुरू किए गए आनुवंशिकी के मूल मॉडल के तहत अपरिवर्तनीय माने जाते थे। यानी, जीन को किसी व्यक्ति के पर्यावरण से काफी हद तक अप्रभावित माना जाता था। 1942 में एपिजेनेटिक्स के क्षेत्र के उद्भव ने इस धारणा को तोड़ दिया। एपिजेनेटिक्स जीन अभिव्यक्ति में बदलाव को संदर्भित करता है जो डीएनए अनुक्रम में बदलाव के बिना होता है। कुछ एपिजेनेटिक परिवर्तन कोशिका कार्य का एक पहलू हैं, जैसे कि उम्र बढ़ने से जुड़े परिवर्तन। हालाँकि, पर्यावरणीय कारक भी जीन के कार्यों को प्रभावित करते हैं, जिसका अर्थ है कि लोगों का व्यवहार उनके आनुवंशिकी को प्रभावित करता है। उदाहरण के लिए, एक जैसे जुड़वाँ बच्चे एक ही निषेचित अंडे से विकसित होते हैं और परिणामस्वरूप, उनमें आनुवंशिक संरचना समान होती है। हालाँकि, जैसे-जैसे जुड़वा बच्चों की उम्र बढ़ती है, अलग-अलग पर्यावरणीय जोखिमों के कारण उनकी शक्ल-सूरत अलग-अलग हो सकती है।



## ट्रेंड

### कल्याण के लिए काम करेंगे



प्रेरक! यही एकमात्र शब्द है जो पूरे मालदा के माहौल का वर्णन कर सकता है। चिलचिलाती गर्मी हमें आशीर्वाद देने आए समर्थन के सागर को रोकने में असमर्थ थी। मैं इस स्नेह के लिए लोगों को धन्यवाद देता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि हम हमेशा उनके कल्याण के लिए काम करेंगे।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### मानव होने का स्वभाव



यदि आपकी मानवता पूर्ण प्रवाह में है, तो आप अपने आस-पास के जीवन तक पहुंच जाएंगे। यह नैतिकता नहीं है- मानव होने का स्वभाव है। केवल आपके भौतिक शरीर को एक सीमा की जरूरत है। आपके बारे में बाकी सब कुछ सार्वभौमिक हो सकता है।
**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**

### यह सामान्य चुनाव नहीं



मतदान का बटन दबाने से पहले, 'हम, भारत के लोग' - भारत के संविधान की यह आत्मा, आपके दिल और दिमाग में गूंजनी चाहिए। यह मत भूलिए कि यह कोई सामान्य चुनाव नहीं है।' यह लोकतंत्र को तानाशाही के चंगुल से बचाने का चुनाव है।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### अच्छी आदतों से आता स्वास्थ्य



प्यार दीर्घकालिक रिश्तों से आता है। स्वास्थ्य दीर्घकालिक अच्छी आदतों से आता है। धन लंबी अवधि के निवेश से आता है। शांति दीर्घकालिक आत्म-चिंतन से आती है। प्रतिभा दीर्घकालिक केंद्रित प्रयासों से आती है।
**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

मतदान के दौरान कई शहरों में तीखी झड़पें

# भागलपुर में वोट बहिष्कार करने वालों ने मचाया तांडव, मतदान करने वालों को बूथ के बाहर पीटा, बंगाल में 'लटका' मिला भाजपा कार्यकर्ता

एजेंसी ▶▶ बिहार

बिहार के सूबे में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में पांच जिलों में मतदान हुआ। शुक्रवार को समयनुसार सुबह से ही लोग मतदान के लिए बूथ पर कतारबद्ध दिखे। हालांकि चिलचिलाती धूप के कारण मतदाताओं की संख्या काफी कम देखी गई। जिला प्रशासन ने लगातार मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कवायद की, जबकि आमजनों के बीच कहीं न कहीं प्रत्याशियों को लेकर नाराजगी है। इसकी जीती जागती तस्वीर भागलपुर जिले के सुल्तानगंज प्रखंड से सामने आ रही है।भागलपुर के सुलतानगंज स्थित बूथ संख्या 192 पर मतदान के दौरान ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार किया है। दूसरे गांव के छह लोग जब वोट डालकर निकले तो पास के ग्रामीणों ने उन वोटरों की पिटाई शुरू कर दी। स्थिति तनावपूर्ण होती इसके पहले पुलिस ने सभी वोटरों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा लिया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीण और पुलिस के बीच भी झड़प हो गई। इस तीखी नोकझोंक में एक युवक का सिर फट गया।

## बिहार में मतदाताओं और पुलिस के बीच भिड़ंत, इस दौरान युवक का सिर फूटा

सुलतानगंज स्थित बूथ संख्या 192 पर वोट का बहिष्कार

पुलिस ने सभी वोटरों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ा लिया



### ग्रामीणों को समझाती रही पुलिस

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की पिटाई से ही सिर में गंभीर चोट आई है। डीएसपी चंद्रभूषण मौके पर पहुंचे और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। पूरे इलाके में पुलिस बल द्वारा गशती तेज कर दी गई है। भागलपुर के सुलतानगंज विधानसभा बूथ संख्या 192 पर मतदाताओं ने वोट का बहिष्कार कर दिया। पुलिस ने सभी वोटरों को ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया। इसमें पुलिस और ग्रामीण में झड़प हो गई। झड़प में एक युवक का सिर फट गया।

### बंगाल में भी बवाल | पूर्व मेदिनीपुर में भाजपा कार्यकर्ता का शव मिला



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए तीन सीटों पर मतदान हुआ। चुनाव के बीच पूर्व मेदिनीपुर में भाजपा के एक कार्यकर्ता की फंदे से लटकी लाश बरामद की गई है। बीजेपी कार्यकर्ता की लाश मिलने के बाद बवाल मच गया है।बीजेपी कार्यकर्ता की पहचान दीनबंधु मड़या के तौर पर हुई है। वह मोयना गांव का रहने वाला था। परिजनों का कहना है कि उसकी हत्या की गई है। हत्या का आरोप टीएमसी कार्यकर्ताओं पर लगा है।

**इन सीटों पर मतदान**

मोयना में भाजपा कार्यकर्ता की लाश ऐसे समय पर मिली है, जब दूसरे चरण में राज्य की 3 सीटों दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में मतदान हो रहा है। पूर्व मेदिनीपुर में छठे चरण में मतदान है, लेकिन उससे पहले भाजपा कार्यकर्ता की लाश मिलने से मामला गरमा गया है।

### पूर्व सीएम बघेल के साथ धक्का-मुक्की



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव सीट के लिए वोटिंग हुई। टेढ़ेसरा में भाजपा कांग्रेस के कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और जबरदस्त विवाद हुआ। पूर्व सीएम भूपेश बघेल से धक्का-मुक्की हुई।

### भाजपा सांसद तेजस्वी के खिलाफ एफआईआर



कर्नाटक से भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई है। सूर्या पर धर्म के आधार पर वोट मांगने का आरोप लगा है। 25 अप्रैल को जयानगर थाने में तेजस्वी सूर्या के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## मतदान के अहम नजारे



**कोलकाता।** राज्यपाल रवि ने सपत्नीक डाला वोट।



**जोधपुर।** एक ही परिवार की 5 पीढ़ियों ने किया मतदान।



**थालाई।** नाव से नदी पर करके लोकतंत्र को मजबूती दी।



**जम्मू।** व्हीलचेयर के सहारे मतदान करने पहुंचा वृद्ध।



**बेंगलुरु।** वित्तमंत्री अंगुली दिखाती हुईं।



**बेंगलुर।** एमडी मजूमदार ने डाला वोट।



**अमरोहा।** व्हीलचेयर के सहारे मतदान करने पहुंचा युवक।

पीएम मोदी ने मुंगेर और मालदा में इंडी गठबंधन को घेरा

# देश से ओबीसी का हक छीन रही कांग्रेस, धर्म के आधार पर आरक्षण कभी भी नहीं हो सकता

पीएम नरेंद्र मोदी सीमांचल के ही अररिया जिले में जनसभा में कांग्रेस की तुष्टिकरण पर प्रहार करते हुए कर्नाटक के वाकये को जनता के सामने लाया। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में चुपके से अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर हकमारी के लिए इसमें मुसलमानों को शामिल करा दिया और अब वह पूरे देश में इसे लागू करना चाहती है। वह इसके बाद एससी-एसटी की भी ऐसी हकमारी करेगी। कांग्रेस मूलतः देश में धर्म आधारित आरक्षण लागू करना चाहती है। कर्नाटक में कांग्रेस ने ओबीसी समाज के 27 प्रतिशत कोटे को चोरी करने का खेल खेला है। इनके कोटे से आरक्षण काटकर पर्दे के पीछे खेल खेला है। ओबीसी समाज के आंखों में धूल झोंककर रातों-रात मुस्लिम समाज के अगड़े-अमीरों को ओबीसी बना दिया। परिणाम यह हुआ कि ओबीसी समाज का बहुत बड़ा हक मुस्लिमों के खाते में चला गया। बिहार में भी कांग्रेस यही खेल खेलना चाहती है। राजद ने इसके खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोला है।



### मालदा में विपक्ष पर गरजे पीएम मोदी

#### हजारों करोड़ों के स्कैम के सिवा यहां कुछ नहीं किया

पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रचार किया। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए बताया कि आज देश में दूसरे चरण का मतदान हो रहा है और लोग उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ टीएमसी और कांग्रेस पर निशाना साधा है। मुझे विश्वास है कि पहले चरण में टीएमसी कांग्रेस जैसे दल जो पस्त हो रहे थे अब दूसरे चरण में ध्वस्त हो जाएंगे। टीएमसी के राज में बंगाल में एक ही चीज चलती है- हजारों करोड़ो के स्कैम, शारदा चिट फंड, पशु तस्करी घोटाला, राशन घोटाले, कोयला घोटाले आदि। घोटाले टीएमसी करती है और भुगतना जनता को पड़ता है।

**वे देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का बताते हैं**

पीएम ने कहा कि बिहारवासियों से मैं पूछना चाहता हूं कि क्या आप ओबीसी के हक को लूटने देंगे? इनकी नजर ओबीसी के हक पर है। तुष्टीकरण के दलदल में कांग्रेस और राजद इतनी धंस गई है कि यह लोग बाबा साहेब के संविधान की परवाह नहीं कर रहे हैं। डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार में कांग्रेस ने ओबीसी कोटे पर डाका डालकर धर्म के आधार आरक्षण देने की कोशिश की थी।

**किसी भी धर्म के हों, गरीबों का हक सबसे ज्यादा है**

पीएम मोदी ने कहा कि इस देश के संसाधनों पर अगर पहला हक किसी का है, तो वह मेरे देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और माताओं-बहनों का है। वह किसी भी जाति-धर्म के हों, अगर वह गरीब हैं तो देश के संसाधनों पर पहला हक उनका है। कांग्रेस ने देश के हिंदुओं के साथ भेदभाव किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है।

### राहुल गांधी ने कसा तंज

#### जल्द पीएम की आंखों से आंसू भी निकलेंगे



**बेंगलुरु।** पीएम चुनावी रैलियों में कांग्रेस और राहुल गांधी पर जुबानी हमले कर रहे हैं। राहुल कर्नाटक के बीजापुर में चुनावी रैली में पीएम पर बरसे। उन्होंने पीएम पर घड़ियाली आंसू बहाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जल्द ही ऐसा होने की संभावना है कि पीएम सार्वजनिक रूप से राजनीतिक रैली के दौरान आंसू बहाते दिखें। हम डिप्लोमा होल्डर, कॉलेज ग्रेजुएट, यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट को एक साल की नौकरी का अधिकार देंगे।

### अखिलेश ने बोला हमला

#### भाजपा ने गोदाम में रख लिए सारे भ्रष्टाचारी



**एटा।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव भी कन्नौज सीट से चुनावी मैदान में उतरने वाले है। नामांकन के बाद से ही अखिलेश यादव भाजपा पर ज्यादा हमलावर हो गए हैं और आज उन्होंने भाजपा ने जाने वाले नेताओं को लेकर पूरे एनडीए को आड़े हाथों लिया है। अखिलेश ने एटा में एक जनसभा को संबोधिथ करते हुए भाजपा पर हमला बोला और कहा कि भाजपा ने सारे भ्रष्टाचारियों को अपने गोदाम में रख लिया है। वे एटा में होने वाले मतदान को लेकर वोट मांगने पहुंचे थे।

### भाजपा अध्यक्ष नड्डा का दावा

#### एससी-एसटी और ओबीसी का हक छीन लेगी कांग्रेस



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस मुसलमानों को लाभ पहुंचाने के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। नड्डा ने दावा किया कि यह विपक्षी दल का छिपा हुआ एजेंडा है। एक वीडियो संदेश जारी कर यह बताया। कांग्रेस के घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने साल 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस बयान का हवाला दिया।

### छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में गृहमंत्री शाह ने कहा

#### मुस्लिम लीग का एजेंडा लेकर चल रही कांग्रेस



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में विजय बघेल के पक्ष में सभा करते कहा कि कांग्रेस मुस्लिम लीग के एजेंडे को आगे लेकर चल रही है। उन्होंने बिरनपुर की हिंसा के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भुनेश्वर की हत्या को गंभीरता से लिया इसके बाद हमने उनके पिता को प्रत्याशी बनाया। ईश्वर साहू ने कद्दावर नेता का सुपड़ा साफ कर दिया। बेमेतरा जिला दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में आता है। उन्होंने बिरनपुर की हिंसा के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भुनेश्वर की हत्या को गंभीरता से लिया इसके बाद हमने उनके पिता को प्रत्याशी बनाया। ईश्वर साहू ने कद्दावर नेता का सुपड़ा साफ कर दिया। यहां 7 मई को तीसरे चरण में वोटिंग होनी है। भाजपा ने मौजूदा सांसद विजय बघेल को भी प्रत्याशी बनाया है इनका मुकाबला कांग्रेस के राजेंद्र साहू से होना है।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रामवीर सिंह बिधूड़ी से जनता टीवी के समाचार संपादक वरुण गोयल की बातचीत के प्रमुख अंश

# अगर मेरी सुनी होती तो आज वह जेल में नहीं होते- रामवीर सिंह बिधूड़ी

*लगभग 50 दिन हो गए हैं सबसे पहले जो सूची आई थी उसमें आपका नाम था कैसा प्रचार चल रहा है*

अब तक प्रचार बहुत अच्छा चल रहा है लोग चुनाव लड़ रहे हैं चुनाव मुझे नहीं लड़ना पड़ रहा है क्योंकि लोग नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री देखना चाहते हैं। यह मोदी के नाम पर चुनाव हो रहा है दूसरी कोई भी बात लोग सुनना चाहते ही नहीं है।

*दक्षिण दिल्ली बड़ी मिश्रित आबादी का क्षेत्र है। यहां पॉश एरिया भी है गांव है जेजे क्लस्टर जैसा क्षेत्र भी आप पूरे क्षेत्र में घूम रहे हैं किस तरह का संपर्क हो रहा है?*

हमने दक्षिण दिल्ली का लगभग 90% एरिया कवर कर लिया है लगभग सभी गांव हमने कवर कर लिए हैं, अनाधिकृत कॉलोनी में गया हूं, डीडीए फ्लैट्स में गया हूं लोगों के मन में दिल्ली की सरकार के प्रति बहुत गुस्सा है लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। सड़कें टूटी पड़ी है हमारा पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम पूरी तरह खराब हो गई है ।

*आप क्या उपलब्धियां बता रहे हैं चुनाव में ?*

प्रधानमंत्री ने जो दिल्ली के लोगों को जो अनेक तोहफे दिए हैं दिल्ली के चारों तरफ पैरिफेरेल रोड बनाई है। बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा इको पार्क बन रहा है। मेरे क्षेत्र में 6 लेन का हाईवे बनाया जा रहा है। द्वारका में और प्रगति मैदान में मोदी जी ने दो वर्ल्ड क्लास कन्वेंशन सेंटर दिए हैं, प्रगति मैदान रोड पर टनल बनाई है, नेशनल वॉर मेमोरियल बनाया है नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगाकर सम्मान दिया है।

*इन सब का असर चुनाव में दिखेगा ?*

क्यों नहीं दिखेगा। मोदी ने नया पुलिस मुख्यालय दिया है। पुलिस मेमोरियल बनाया है। देश को नई पार्लियामेंट दी है। दिल्ली को तीसरा रिंग रोड दिया है। केजरीवाल जी ने क्या दिया है ?

*वह कहते हैं हमने अच्छी शिक्षा दी, मुफ्त बिजली दी, महिलाओं को बस में मुफ्त यात्रा दी और हजार रुपए महिलाओं को प्रतिमाह मिलने वाले हैं*

अरविंद केजरीवाल कहते हैं । 200 यूनिट मुफ्त बिजली दी है लेकिन आपको मालूम है आज दिल्ली के लोगों को 8:30 रु प्रति यूनिट बिजली मिल रही है और जिनके पास कमर्शियल मीटर है उनको देश में सबसे महंगी बिजली मिल रही है जहां तक महिलाओं को मुफ्त ट्रांसपोर्ट की बात है हमारे पास बस ही नहीं है तो उसका फायदा कहां मिल रहा है तीसरी बात आपने कही है हजार रुपए की तो केजरीवाल से पूछो की 2018 से ओल्ड पेंशन दिल्ली में बंद क्यों है। अरविंद केजरीवाल बताएं की 6 साल से ओल्ड एज पेंशन क्यों नहीं बना कर दी गई ?

*यह देश का सबसे बड़ा चुनाव है लेकिन दिल्ली में मुद्दा है कि अरविंद केजरीवाल को इंसुलिन नहीं मिल रही।*

ये मुद्दे ही नहीं है मुद्दा है मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना.. अरविंद केजरीवाल डॉक्टर की राय के अनुसार अपनी डाइट चेंज करें यदि वह मिठाई खाएंगे। देसी घी का हलवा खाएंगे आलू की सब्जी और पूरी खाएंगे और फिर शुगर चेक करेंगे तो ज्यादा ही निकलेगी। आपने जो कुछ किया है आप उसको भुगत रहे हैं।



*शराब नीति पर दिल्ली विधानसभा में चर्चा के समय आपका दिया गया भाषण है आज भी सोशल मीडिया में वायरल होता है*

भैया, मैं 53 साल से राजनीति कर रहा हूं मैं कानून कायदे हैं उनको भी अच्छे से समझता हूं। उन्होंने 400 से ज्यादा शराब के ठेके खोल मास्टर प्लान के नियमों का उल्लंघन किया। शराब के ठेकेदारों का जो कमीशन दो पर्सेंट होता था वह 12% कर दिया। दिल्ली पुलिस से एनओसी नहीं ली और शराब बेचने का समय रात को 10:00 बजे से बढ़कर प्रातः 3 बजे तक कर दिया। मैंने उनसे आग्रह किया था और चेतावनी भी दी थी अगर मेरी सुनी होती तो आज वह जेल में नहीं होते

*लेकिन आम आदमी पार्टी के नेता तो शरद रेड्डी का नाम लेते हुए कहती उसने 60 करोड़ के इलेक्टोरल बॉड खरीद लिए ..*

आप समझिए पूरा मामला क्या है। यह बातें जो वे मीडिया के सामने कह रहे लोगों के सामने कह रहे कोर्ट के सामने क्यों नहीं कहते हैं। अभी तक हाईकोर्ट ने उनका कोई राहत नहीं दी है। हाईकोर्ट ने क्या टिप्पणी की है यदि अरविंद केजरीवाल को थोड़ी सी भी लोक लाज होती है तो उसी दिन उनको त्यागपत्र दे देना चाहिए था।

*आपके प्रतिद्वंदी उम्मीदवार से हमने उनसे पूछा था तब उन्होंने कहा क्यों दे इस्तीफा ईडी या सीबीआई के वोट से बने हैं क्या सीएम पब्लिक के वोट से बने हैं?*

अरविंद केजरीवाल को जेल ईडी और सीबीआई ने नहीं भेजा जेल अदालत ने भेजा है। जेल भेजने का अधिकार जो है वह कोर्ट के पास है । कोर्ट को लगता है कि जो इनके ऊपर आरोप है उसमें सच्चाई है तो फिर कोर्ट उनका राहत क्यों देगा कोर्ट ने दिया भी नहीं है

*मैं दिल्ली के चुनाव पर लौटता हूं। गठबंधन में चुनाव लड़ रहे हैं। आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन में चुनाव लड़ने का कितना असर है?*

2019 में भी भाजपा के सातों उम्मीदवारों ने 57% से लेकर 60% वोट पाए थे। इस बार दिल्ली में 70% से ज्यादा वोट मिलने जा रहा है आपको बता रहा हूं रिजल्ट आएगा तो आ जाना आप मेरे घर पर ही फिर हम मिलेंगे आपको मिठाई खिलाएंगे ।

*क्या सहानुभूति वोट मिलेगा आपके विरोधियों को ?*

अगर ऐसे सहानुभूति वोट मिलेगा तो और भी दो-चार घोटाले और कर दीजिए और दिखाइए कि हमने भ्रष्टाचार किया है। आप दिल्ली को बेदर्दी के साथ लूटोगे, फिर भी आपको सहानुभूति का वोट मिलेगा काहे की सहानुभूति करोड़ों का डाका डालोगे कोर्ट से आपको जेल भेजा जाएगा। और फिर आप कह रहे हो जी हमको सहानुभूति वोट मिलेगा तो ठीक है फिर तो सारे लोग इसी काम में ।

*सहीराम पहलवान ने कहा कि रामवीर सिंह बिधूड़ी नेता प्रतिपक्ष बनकर कोठी में जाकर बैठ गए। क्षेत्र में पब्लिक के बीच में हम रहते हैं*

कोठी में तो उनके मंत्री मुख्यमंत्री भी रहते हैं। नेता प्रतिपक्ष को अगर सरकारी आवास दिया जाता है और पहले भी जो नेता प्रतिपक्ष थे उनके पास भी सरकारी आवास था तो सरकारी आवास यदि मुझे मिल गया है तो इसका मतलब थोड़ी है कि मैं इस कोठी में बैठा रहूंगा। मेरी बदरपुर विधानसभा क्षेत्र में जितनी सक्रियता रहती हैं उसकी तुलना कर लें आप। जब कोरोना महामारी आई तो रामवीर सिंह बिधूड़ी लोगों के बीच में था।

*पहलवान जी कह रहे हैं कि 70 साल से ज्यादा की उम्र है बेचारे हैं चला नहीं जाता आपको परेशान किया पार्टी ने*

पहलवान जी और मुझे दोनों को इंडिया गेट बुलवा लो दोनों दौड़ेंगे देख लेना कौन आगे निकलेगा। मैं तो सुबह उठकर 10 किलोमीटर वॉक करता हूं पहलवान जी अपना बताएं

*आपका वनवास बहुत लंबा हो गया है दिल्ली विधानसभा में*

कोई बात नहीं हो गया है। अब लोगों ने देख लिया है इनको 10 साल तक। इनको समय दिया गया। यह पूरी तरह से हर मोर्चे पर असफल हो गए लोगों ने मन बना लिया है कि केंद्र में भी मोदी की तीसरी बार आ रहे हैं और दिल्ली में भी भाजपा की सरकार लाएंगे, डबल इंजन की सरकार होगी।

# मारुति का शेयरधारकों को तोहफा, देगी अपने इतिहास का सबसे बड़ा डिविडेंड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कार बनाने वाली देश की सबसे बडी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने डिविडेंड का ऐलान किया है। कंपनी अपने शेयरधारकों को हर शेयर पर 125 रुपए का डिविडेंड देगी।

■ कंपनी के बोर्ड ने फाइनल डिविडेंड को मंजूरी दे दी

कंपनी के बोर्ड ने 26 अप्रैल को 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए 125 रुपये प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड को मंजूरी दे दी। यह कंपनी के इतिहास का सबसे बड़ा डिविडेंड है। मारुति ने एक बयान में कहा कि डिविडेंड के प्रस्ताव को आगामी वार्षिक जनरल मीटिंग में शेयरधारकों के अप्रूवल की जरूरत होगी। कंपनी के नतीजे शेयर बाजार बंद होने के बाद आए, जिससे शेयरधारकों की प्रतिक्रिया का पता नहीं चल पाया। सोमवार को बाजार इस पर अपनी प्रतिक्रिया देगा।

## कंपनी शेयरधारकों का हर शेयर पर 125 रुपए का देगी डिविडेंड

### मारुति सुजुकी के तिमाही नतीजे

मारुति सुजुकी इंडिया ने इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही के नतीजे भी जारी किए हैं। मार्च तिमाही में कंपनी ने 3,878 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया, जो कि एक साल पहले की अवधि से 48 फीसदी अधिक है। इस दौरान कंपनी को 38235 करोड़ रुपए का रेवेन्यू हासिल हुआ जो सालाना आधार पर 19 फीसदी अधिक रहा। हालांकि यह विश्लेषकों के अनुमान से कमजोर है।




### कंपनी के शेयरों में रही गिरावट

नौ ब्रोकरेज फर्मों ने 38772 करोड़ रुपये के रेवेन्यू पर 3916 करोड़ रुपये के शुद्ध मुनाफे का अनुमान लगाया था। कंपनी के शेयरों में आज 1.70 फीसदी की गिरावट आई है और यह स्टॉक 12687.05 रुपये के भाव पर बंद हुआ है। कंपनी ने मार्केट क्लोज होने के बाद नतीजे जारी किए हैं।

### मारुति की डिविडेंड हिस्ट्री

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने 8 जुलाई 2004 से 20 बार डिविडेंड घोषित किए हैं। पिछले 12 महीनों में कंपनी ने प्रति शेयर 90 रुपए का इक्विटी डिविडेंड घोषित किया है। मौजूदा शेयर प्राइस पर मारुति सुजुकी का डिविडेंड यील्ड 0.71 फीसदी है। कंपनी ने इसके पहले 2023 में 90 रुपए का और 2022 में 60 रुपए का डिविडेंड जारी किया था।

## खबर संक्षेप

### रिलायंस के वित्तीय प्रदर्शन की सराहना




नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में मजबूत प्रदर्शन के बाद वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी और फिच का विश्वास हासिल कर लिया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने अलग-अलग बयान में कंपनी के वित्तिय प्रदर्शन के चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी मजबूत रहने की बात कही है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा 45 फीसदी बढ़ा




नई दिल्ली। बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (मार्च) तिमाही में शुद्ध लाभ 45 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,218 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 840 करोड़ रुपये था। बीओएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय बढ़कर 6,488 करोड़ रुपये हो गई।

### बजाज फिनसर्व के शुद्ध लाभ में 20 फीसदी इजाफा

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बजाज फिनसर्व लिमिटेड का जनवरी-मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 2,119 करोड़ रुपये रहा। शेयर बाजार को मार्च तिमाही के वित्तीय नतीजों की सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 1,769 करोड़ रुपये रहा था।

## वैश्विक बाजारों में मिला-जुला रुख रहा

# पांच सत्रों से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 609 अंक फिसला, फिर भी निवेशकों ने 17,000 करोड़ कमाया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को पिछले पांच कारोबारी सत्रों से जारी तेजी थम गयी और बीएसई सेंसेक्स 609 अंक फिसल गया। वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुझानों के बीच बैंक, वित्तीय और टिकाऊ उपभोक्ता सामान बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली से बाजार नुकसान में रहा। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों के निवेशकों की संपत्ति आज दिन भर में करीब 17,000 करोड़ रुपए बढ़ गई।

कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट और लगातार विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा पर असर पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 609.28 अंक की गिरावट के साथ 73,730.16 अंक पर खिसक आया।

### निफ्टी में 273 अंक की रही बढ़त

कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 722.79 अंक टूटकर 73,616.65 पर भी आ गया था। निफ्टी भी 150.40 अंक गिरकर 22,419.95 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ ही घरेलू शेयर बाजारों में पिछले पांच सत्रों से जारी तेजी थम गई। बीते पांच दिनों में मानक सूचकांकों में करीब 2.5 प्रतिशत की तेजी आई थी। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 641.83 अंक बढ़ोतरी और निफ्टी में कुल 272.95 अंक यानी 1.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



- बैंक, वित्तीय व एफएमसीजी के कंपनियों में रही बिकवाली
- विदेशी पूंजी की निकासी से भी निवेशक धारणा हुई प्रभावित

### क्रूड ऑयल बढ़कर 89.29 डॉलर



वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत चढ़कर 89.29 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 2,823.33 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

### जापानी येन 34 साल के निचले स्तर पर

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'लगातार पांच दिनों से तेजी का दौर चल रहा था लिहाजा बाजार में गिरावट और मुनाफावसूली की आशंका बनी हुई थी। इसके पीछे वैश्विक कारकों का भी योगदान रहा। जापानी येन के 34 साल के निचले स्तर पर गिरने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से रुझान में बदलाव दिखा।'

*एशियाई बाजार में रही तेजी*

*एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजार बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट दर्ज की गई थी।*

### अमेरिकी बाजार में सताने लगी मंदी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों ने बाजार धारणा को प्रभावित किया। निवेशकों को अमेरिका में मंदी आने की आशंका सताने लगी है। वहीं घरेलू बाजार में कंपनियों के तिमाही नतीजों के कमजोर होने और ऊंचे मूल्यांकन को लेकर चिंता देखी गई।'

### इन शेयरों में रहा नुकसान

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से बजाज फाइनेंस में आठ प्रतिशत की बड़ी गिरावट का सामना करना पड़ा। कंपनी की मार्च तिमाही के नतीजे निवेशकों को उत्साहित नहीं कर पाए। इसके अलावा बजाज फिनसर्व में भी तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गई। इंडसइंड बैंक, नेस्ले, कोटक महिंद्रा बैंक और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान के साथ बंद हुए।

### इन शेयरों में रही तेजी

आईटी सेवा कंपनी टेक महिंद्रा में सात प्रतिशत से अधिक की छलांग दर्ज की गई। राजस्व वृद्धि में तेजी लाने और मार्जिन बढ़ाने के एक महत्वाकांक्षी तीन साल के रोडमैप की रूपरेखा पेश करने से कंपनी के शेयरों को लेकर दिलचस्पी देखी गई। इसके अलावा विप्रो, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन और एक्सिस बैंक के शेयर भी बढ़त में रहे।

उत्तर रेलवे

इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदो की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 82249999 |
| संक्षिप्त विवरण | (2024–25 एएमआई कोड–21.301) हाइड्रोफोबिक फोल्डेबल आईओएल (संलग्न विनिर्देश के अनुसार) |
| मात्रा | 970 no's |
| अंतिम तिथि | 20.05.2024 |

निविदा शर्ते : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।
टेंडर नोटिस सं. 82249999 दिनांक : 26.04.2024 1263/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
शुद्धिपत्र -VI

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 30.05.2024 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 02.05.2024 को स्थगित कर 30.05.2024 कर दिया गया है। निविदा के सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ईमेल: vijay.singh.2017@gov.in
1251/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारतीय रेल
आज़ादी का अमृत महोत्सव
"सार्वजनिक अधिसूचना"

रेलवे लाइन और परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्टस 50 हर्ट्ज ए.सी शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या बाद उर्जित किया जायेगा। उस तारीख पर और उस तारीख से शिरोपरी कर्षण लाइन को सब समय विद्युतमय माना जाएगा और कोई अनधिकृत व्यक्ति उस शिरोपरी लाइन की समीप्यता में दाखिल होने या काम करने नहीं जायेगा।

| खंड | तारीख |
|---|---|
| वॉशिंग लाइन नंबर 11 और 12 नई दिल्ली यार्ड में। | 30.04.2024 |

दिनांक: 25.04.2024
1254/24
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/कर्षण वितरण
उत्तरे रेलवे, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पहचान की अपील


यामिनी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक औरत (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **यामिनी** है, जो दिनांक 20.04.2024 को रात्रि 09:40 बजे ऐम्स ट्रामा सेन्टर, दिल्ली में मृत अवस्था में पायी गई। इस संदर्भ में एक डीडी नं. **41–ए दिनांक 19.04.2024 थाना पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंग:** महिला, **आयु:** 20–22 वर्ष, **कद:** 5' फीट, **रंग:** सांवला, **चेहरा:** लम्बोतरा, **शरीर:** दरम्याना, **पहनावा:** हरे रंग का सूट पहने हुए थी।


मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:–

वेबसाइट: http://cbi.nic.in
ई–मेल: ciccbi@cbi.nic.in
टेली. न.: 011-23014046/23015218
फैक्स नं.: 011-23011334

थाना प्रभारी
थाना: पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011–23961522
मोबाइल: 8750871302
DP/4971/Rly/2024

## सोना 350 रुपए मजबूत चांदी 600 रुपए उछली





नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना और चांदी की कीमतों में मजबूती रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोना 350 रुपये की मजबूती के साथ 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 600 रुपये के उछाल के साथ 84,700 रुपये प्रति किलो हो गई।

## रामवीर तंवर, द पॉन्डमैन ऑफ इंडिया ने तालाब कायाकल्प के लिए कोका-कोला इंडिया के साथ साझेदारी की



गुड़गांव। पॉन्डमैन ऑफ इंडिया ने कोका-कोला इंडिया के कर्मचारियों और स्थानीय स्वयंसेवकों के साथ आज शिकोहपुर, गुड़गांव, हरियाणा में एक तालाब को डिसिल्ट करने (सेडिमेंट अथवा गाद निकालने) की साझेदारी की है। उन्होंने आसपास के क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए पौधे भी लगाए। पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन के साथ साझेदारी में किये जा रहे इस संयुक्त प्रयास का उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक इकोसिस्टम को लाभांवित करना है। यह समुदाय के नेतृत्व वाले पर्यावरणीय प्रबंधन का एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करता है।

## आरबीआई ने ऋण सेवा प्रदाताओं के लिए जारी किया मसौदा प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों के एजेंट के रूप में काम करने वाले ऋण सेवा प्रदाताओं (एलएसपी) को अपने पास उपलब्ध सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी उधारकर्ताओं को देने का प्रस्ताव शुक्रवार को रखा।

आरबीआई ने कहा कि सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी सामने होने पर संभावित कर्जदार के लिए फैसला करना आसान होगा। इस तरह उनके पास कई ऋण उत्पादों के बारे में जानकारी होती है। एलएसपी विनियमित बैंकिंग इकाई (आरई) का एजेंट होता है जो ग्राहक जोड़ने, मूल्य-निर्धारण करने, निगरानी और विशिष्ट ऋण की वसूली या ऋण पोर्टफोलियो में मौजूदा आउटसोर्सिंग दिशानिर्देशों के अनुरूप काम करता है। आरबीआई ने पिछले साल दिसंबर में एक मसौदा प्रारूप जारी किया था। उसमें कहा गया था कि ऋणदाता के निर्णय को नियंत्रित करने या प्रभावित करने की स्थिति में मौजूद लोगों को कर्ज देना चिंता का विषय हो सकता है। मसौदा प्रारूप में कहा गया था कि इस तरह की उधारी में नैतिक खतरे का मुद्दा भी शामिल हो सकते हैं और मूल्य निर्धारण एवं ऋण प्रबंधन में एक तालमेल की स्थिति बन सकती है।

- सभी कर्ज प्रस्तावों की जानकारी होने से फैसला लेना आसान
- कई एलएसपी ऋण उत्पादों के 'एग्रीगेटर' के तौर पर भी काम करते हैं

### 31 मई तक टिप्पणियां आमंत्रित

मसौदा परिपत्र के मुताबिक, एलएसपी को कर्जदार की जरूरत को ध्यान में रखते हुए सभी इच्छुक कर्जदाताओं के पास उपलब्ध प्रस्तावों का डिजिटल ब्योरा मुहैया कराना चाहिए। आरबीआई ने इस मसौदा प्रस्ताव पर 31 मई तक विभिन्न पक्षों से टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

## भारतीय मसाला ब्रांडों को वापस बुलाने के जवाब में मसाला बोर्ड ने कार्रवाई की

नई दिल्ली। संभावित एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) संदूषण की चिंताओं के कारण सिंगापुर और हांगकांग में दो भारतीय मसाला ब्रांडों के कुछ उत्पादों को वापस मंगाने की मीडिया रिपोर्टों के बाद मसाला बोर्ड भारत ने त्वरित कार्रवाई की है। यह बताया गया कि खाद्य सामग्री में उपयोग किए जाने वाले स्टरलाइजिंग एजेंट ईटीओ के आसपास बढ़ती जांच के कारण इसे वापस लेने के लिए प्रेरित किया गया था। मसाला बोर्ड, भारत से मसालों के निर्यात प्रोत्साहन की देखरेख करने वाले नियामक प्राधिकरण के रूप में निर्यात के लिए भारतीय मसालों की सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है। खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को कायम रखते हुए, बोर्ड ने ईटीओ अवशेषों के लिए कड़े प्रोटोकॉल और दिशानिर्देश स्थापित किए थे। मीडिया रिपोर्टों के आधार पर, स्पाइसेस बोर्ड ने दोनों देशों के संबंधित अधिकारियों से तकनीकी जानकारी, विश्लेषणात्मक रिपोर्ट और निर्यातक डेटा इकट्ठा करने के प्रयास किए हैं।

**सूचना**

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

## पहचान की अपील



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात किन्नर का शव **नाम:** मालूम नही, **पुत्र:** मालूम नही, **निवासी:** मालूम नही, **उम्र: लगभग** 60 वर्ष, **रंग:** काला, **कद:** 5'3", **पहनावा:** गहरे नीले रंग की कमीज और गहरे नीले रंग की पैंट पहने है जो मंगोलपुरी, दिल्ली में मृत पाया गया था। इस बाबत FIR/DD No. 123A dt. 18.04.2024 **थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** में दर्ज है।

इस मृत व्यक्ति के बारे में या इसके परिवार के बारे में किसी भी प्रकार की जानकारी/सुराग मिले तो निम्नलिखित पते या फोन नम्बरों पर सूचित करें।

हस्ता/- थानाध्यक्ष
मंगोलपुरी, दिल्ली
फोन : 011-27922186

DP/4882/OD/2024

## राशिफल

**मेष:** वाणी में कठोरता के भाव रहेगा, संचित धन में कमी आ सकती है। प्रतियोगी परीक्षा व साक्षात्कार आदि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**वृष:** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है, अपनी भावनाओं को वश में रखें। पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं। नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं।

**मिथुन:** माता से धन की प्राप्ती हो सकती है। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, आय में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आत्मवशिवास में वृद्धि होगी, कुटुंब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। उच्च शक्षिा एवं शोध आदि कार्यों के लिए विदेश प्रवास की संभावना बन रही है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे, संतान सुख में वृद्धि होगी। आय में कमी व खर्चों में वृद्धि की स्थिति हो सकती है।

**कन्या:** स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है, परंतु आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कार्यों के प्रति जोश व उत्साह रहेगा।पारिवारिक जम्मिदारियां बढ़ सकती हैं।

**तुला:** वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों आदि की ओर रुझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक:** शैक्षिक व बौद्धिक कार्यों से यश व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवन साथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में परश्रिम की अधिकता रहेगी, संतान को कष्ट रहेगा। आत्मवशिवास में वृद्धि होगी। कला व संगीत के प्रति रूझान बढ़ेगा।

**मकर:** कार्यक्षेत्र में परिवर्तन संभव है, संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। वस्त्रों व गहनों के प्रति रूझान रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कुंभ:** कुटुंब की किसी महिला से धन प्राप्ती के योग बन रहे हैं, भाइयों के साथ मनमुटाव हो सकता है। बातचीत में संयत रहें, वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे।

**मीन:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी, किसी मत्रि के सहयोग से रोजगार के अवसर मिल सकते हैं। परिवार में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## शब्द पहेली - 5494



**बाएँ से दाए-**
2. पिता की बहन-2
5. कठोर-2
7. खून, रुधिर-2
8. मशरुम, फफूंद-3,2
9. इसे मकड़ी बुनती है-2
10. अपशिष्ट पदार्थ-2
11. धैर्य, संयम-2
13. स्फूर्ति, चंचलता-4
15. ओस, निशाजल-4
17. राशि निर्धारण-5
18. हलकापन-5
20. खालीपन, रिक्तता-4
23. स्नान करवाना-4
26. दंड-2
27. कार्य-2
28. कुर्बानी-2
29. कहानी का लेखक-5
30. प्रतिबिंब-2
31. गाना, नगमा-2
32. मां की मां-2

**ऊपर से नीचे**
1. बंदूक की गोली-4
3. व्याकुलता-4
4. दौरान, मध्य में-5
5. सत्ताधारी-4
6. नरम, अकठोर-4
10. शराब, सुरा-2
12. ईश्वर-2
14. गतिशीलता-5
16. नवीन, नया -2,3
19. उद्योगपति अनिल अंबानी की पत्नी का पूर्व नाम-5
20. प्रतिपूर्त व अनुपुर्त करना (अंग्रेजी-4)
21. मवाद-2
22. नाजुकता-4
23. मना करना-4
24. मैं का बहुवचन -2
25. नाकारा, बेकार-4

### शब्द पहेली -5493 का हल



## सूडोकु नवताल - 5505

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5504 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# टी20 में बना वर्ल्ड रिकॉर्ड, 7 बल्लेबाज 0 पर आउट... 17 साल की रोहमालिया ने की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

क्रिकेट में रिकॉर्ड का बड़ा क्रेज होता है। दिलचस्प आंकड़े हमेशा लुभाते रहे हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि यह रिकॉर्ड नहीं टूट पाएगा। लेकिन तभी कोई खलिाड़ी अपने प्रदर्शन से चौंका देता है। ऐसा ही एक रिकॉर्ड 17 साल की गेंदबाज ने बनाया है। इस इंडोनेशियाई किशोरी रोहमालिया ने टी20 इंटरनेशनल में बिना कोई रन दिए 7 विकेट चटकाए (3.2-3-0-7), जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इतना ही नहीं टी20 फॉर्मेट में यह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है।

दरअसल, अपना डेब्यू मैच खेल रही इंडोनेशिया की रोहमालिया रोहमालिया ने यह कारनामा कर दिखाया है। यहां गौर करने वाली बात यह है कि इंडोनेशिया की रोहमालिया ने शून्य रन देकर देकर 7 विकेट हासिल किए, जो सभी टी20 इंटरनेशनल (पुरुष और महिला) में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा है। ऐसा आज तक कोई नहीं कर सका है।




### महिला टी-20 में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी

| खिलाड़ी | देश | बॉलिंग | विरोधी | साल |
|---|---|---|---|---|
| रोहमालिया | इंडोनेशिया | 7/0 | मंगोलिया | 2024 |
| ओवरडिज्क | नीदरलैंड | 7/3 | फ्रांस | 2021 |
| एलिसन स्टॉक्स | अर्जेंटीना | 7/3 | पेरु | 2022 |
| अंजलि चंद | नेपाल | 6/0 | मालदीव | 2019 |
| गोएबिलवे | बोत्सवाना | 6/1 | लेसोथो | 2023 |



### 6-0 से जीती सीरीज

बुधवार को खेले गए सीरीज के पांचवें टी20 मैच में इंडोनेशिया ने 151 रन बनाए थे। इसके बाद इंडोनेशिया के गेंदबाजों ने मंगोलिया को 24 रन पर ऑलआउट कर दिया। इंडोनेशिया ने इसके साथ ही 24 अप्रैल को छठा मैच खेला, इस तरह सीरीज 6-0 से जीत ली।

### 20 डॉट गेंदें फेंकी

बाली में मंगोलिया के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज के पांचवें टी20 इंटरनेशनल में स्पिनर रोहमालिया ने 20 गेंदें फेंकी, ये सभी डॉट गेंदें रहीं। इस दौरान रोहमालिया ने सात बल्लेबाजों को शून्य पर आउट किया। अर्जेंटीना की एलिसन स्टॉक्स (3 रन पर 7 विकेट) और नीदरलैंड की फ्रेडरिक ओवरडिज्क (3 रन पर 7 विकेट) के बाद रोहमालिया महिला टी-20 में 7 विकेट लेने वाली तीसरी गेंदबाज हैं।

### पुरुष वर्ग का ओवरऑल रिकॉर्ड

पुरुषों की टी20ई में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा मलेशिया के सयाजरुल एजात इद्रस के नाम हैं, जिन्होंने पिछले साल चीन के खिलाफ 8 रन देकर 7 विकेट लिए थे। यह मैच कुआलालम्पुर में 26 जुलाई 2023 को खेला गया। सयाजरुल की गेंदबाजी की वजह से चीन की टीम महज 11.2 ओवर्स में 23 रनों पर लुढ़क गई। यह टी-20 क्रिकेट इतिहास में तीसरा सबसे न्यूनतम स्कोर रहा। तब सयाजरुल ने पुरुषों के टी20 इंटरनेशनल मैचों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के पीटर अहो के रिकॉर्ड को तोड़ा था। पीटर ने यह रिकॉर्ड नाइजीरिया के लिए खेलते हुए 2021 में सिएरा लियोन के खिलाफ बनाया था। पीटर ने तब 5 रन देकर 6 विकेट लिए थे।



### फुल मेंबर देशों का रिकॉर्ड दीपक चाहर के नाम

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल के पूर्ण सदस्यों वाले देशों में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के स्पेल का रिकॉर्ड भारत के दीपक चाहर के नाम है। चाहर ने 2019 में बांग्लादेश के खिलाफ 7 रन देकर 6 विकेट निकाले थे। वहीं, चाहर के साथ संयुक्त रूप से इस पोजीशन पर युगांडा के दिनेश नाकरानी भी हैं। दिनेश ने 2021 में लेसोथो के खिलाफ युगांडा के लिए 7 रन देकर 6 विकेट झटके थे।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 8 | 7 | 1 | 14 |
| कोलकाता | 8 | 5 | 3 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| लखनऊ | 8 | 5 | 3 | 10 |
| चेन्नई | 8 | 4 | 3 | 8 |
| दिल्ली | 9 | 4 | 5 | 8 |
| गुजरात | 9 | 4 | 5 | 8 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 |
| मुंबई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| बेंगलोर | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप




विराट कोहली
430 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
13 विकेट
मुंबई

## खबर संक्षेप



### लक्ष्य का पीछा करने में सफलता चाहिए

**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी का मानना है कि उनकी टीम आईपीएल के इस सत्र में बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रही है लेकिन अब लक्ष्य का पीछा करने में सफलता हासिल करना जरूरी है। सनराइजर्स आठ में से पांच मैच जीतकर अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। पांच में से चार मैचों में उसने पहले बल्लेबाजी करते हुए सफलता पाई। विटोरी ने रॉयल चैलेंजर्स से 35 रन से मिली हार के बाद कहा, 'हम बड़े स्कोर बनाने में कामयाब रहे हैं लेकिन अब लक्ष्य का पीछा बेहतर ढंग से करना होगा।

### मुंबई प्रतिद्वंद्वी टीम को रोकने में प्रभावी नहीं



**नई दिल्ली।** बल्लेबाज टिम डेविड को लगता है कि पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस प्रतिद्वंद्वी टीम को रोकने में असफल रही और टूर्नामेंट में आगे उसे इस पर ध्यान देना होगा। मुंबई इंडियंस आठ मैच में सिर्फ तीन में जीत हासिल कर पाई है जिससे वह आठवें स्थान पर चल रही है। पिछले मैच में जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी को छोड़कर उसके लिए कुछ भी अच्छा नहीं रहा जिससे उसे राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा।

### सेंथिलकुमार, आकांक्षा क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीयता प्राप्त वेलावन सेंथिलकुमार ने फ्रांस के मात्तेओ कोरुगे को सीधे गेम में हराकर 12000 डॉलर ईनामी राशि के बैच ओपन स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। राष्ट्रीय चैंपियन सेंथिल कुमार ने यह मुकाबला 11-4, 11-6, 11-7 से जीता। अब उनका सामना चेक गणराज्य के याकूब सोलनिकी से होगा। राष्ट्रीय खेलों की महिला चैंपियन आकांक्षा सालुंके ने अमेरिका के स्प्रिंगफील्ड में चल रहे 20000 डॉलर ईनामी राशि के पीएसए चैलेंजर टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बनाई।

# पंजाब ने आईपीएल का सबसे बड़ा लक्ष्य चेज किया, केकेआर को हराया




एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पंजाब किंग्स ने आईपीएल का सबसे बड़ा टारगेट चेज कर लिया है। टीम ने मौजूदा सीजन के 42वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 8 विकेट से हराया। पंजाब ने कोलकाता के होमग्राउंड पर 18.4 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 262 रन बना दिए। जॉनी बेयरस्टो ने सेंचुरी लगाई। वे 48 बॉल पर नाबाद 108 रन बनाकर नाबाद रहे, शशांक सिंह ने 28 बॉल पर नाबाद 68 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। पंजाब से प्रभसिमरन सिंह ने भी 20 बॉल पर 54 रन बनाए। कोलकाता से सुनील नरेन ने एक विकेट लिया। वहीं एक बल्लेबाज रनआउट हुआ। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में शुक्रवार को पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 261 रन बना लिए हैं। फिल सॉल्ट (37 बॉल पर 75 रन) और सुनील नरेन (32 बॉल पर 71 रन) ने अर्धशतक जमाए। दोनों में शतकीय साझेदारी हुई। आंद्रे रसेल ने 24, वेंकटेश अय्यर ने 39 और श्रेयस अय्यर ने 28 रन बनाए। सैम करन, अर्शदीप सिंह और राहुल चाहर को एक-एक विकेट मिला।

### कोलकाता-261/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| फिल साल्ट बो करन | 75 |
| नारायण का बेयरस्टो बो चाहर | 71 |
| वेंकटेश अय्यर रन आउट | 39 |
| रसेल का पटेल बो अर्शदीप | 24 |
| अय्यर का रबाडा बो अर्शदीप | 28 |
| रिंकू सिंह का शर्मा बो पटेल | 05 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 06 |

अतिरिक्त : 13
कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 261 रन
विकेट पतन : 1-138, 2-163, 3-203, 4-246, 5-253, 6-261
गेंदबाजी: सैम करन 4-0-60-1, अर्शदीप सिंह 4-0-45-2, हर्षल पटेल 3-0-48-1, कागिसो रबाडा 3-0-52-0, राहुल चाहर 4-0-33-1, हरप्रीत बरार 2-0-21-0

### पंजाब-262/2 (18.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रभसिमरन सिंह रन आउट | 54 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 108 |
| रोसोऊ का अय्यर बो नारायण | 26 |
| शशांक सिंह नाबाद | 68 |

अतिरिक्त : 06
कुल योग : 18.4 ओवर में दो विकेट पर 262 रन
विकेट पतन : 1-93, 2-178
गेंदबाजी: दुष्मंता चमीरा 3-0-48-0, हर्षित राणा 4-0-61-0, अनुकूल रॉय 2-0-36-0, सुनील नारायण 4-0-24-1, वरूण चक्रवर्ती 3-0-46-0, आंद्र रसेल 2-0-36-0, रमनदीपस सिंह 0.4-0-9-0

### दिल्ली खराब फार्म से जूझ रही मुंबई को देगी चुनौती

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जाएगा। दूसरी ओर खराब शुरुआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई।

### लखनऊ के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे राजस्थान

**लखनऊ।** फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। पूर्व चैंपियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढ़ खीर होगा।

# ओलंपिक चयन ट्रायल में जीतीं सिफ्ट ऐश्वर्य 463.6 अंक से बने विजेता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिफ्ट कौर सामरा ने शुक्रवार को यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) में चार ओलंपिक चयन ट्रायल प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार स्पर्धाओं में जीत हासिल की। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर भी ओएसटी में विजेता रहे में प्रवेश किया। उन्होंने पुरुषों का थ्री पी टी2 फाइनल जीता।

मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारी और पिछले कुछ समय से महिलाओं की थ्री पी में भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफ्ट ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर बनाया। इस तरह उन्होंने दूसरे स्थान पर रही आशी चौकसी को 2.4 से पछाड़ा। अंजुम मौदगिल शूटऑफ के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। सिफ्ट ने बुधवार को महिलाओं की थ्री पी ओएसटी टी1 भी जीती थी।



### ऐश्वर्य तोमर 463.6 अंक से विजेता

पुरुषों के थ्री पी ओएसटी टी2 फाइनल में ऐश्वर्य तोमर 463.6 अंक से विजेता रहे। यहां चल रहे ट्रायल्स के आठवें दिन पुरुषों और महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल टी2 क्वालिफिकेशन दौर में नैन्सी ने शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने 633.1 के स्कोर के साथ महिलाओं की एयर राइफल में शीर्ष स्थान हासिल किया। पुरुषों की स्पर्धा में संदीप सिंह 632.6 अंक से शीर्ष पर रहे। महिलाओं की एयर पिस्टल में रिद्म सांगवान 584 अंक के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहीं जबकि सरबजोत सिंह 581 के साथ पुरुषों की एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर थे। सभी चार फाइनल शनिवार को होंगे।

# दीपिका सेमीफाइनल में तीरंदाजों के 4 पदक पक्के



**शंघाई।** मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया। विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6-4 (27-28, 27-27, 29-28, 29-27, 28-28) से हराया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155-151 से हराया। अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं। भारतीय टीम कंपाउंड पुरुष, महिला, मिश्रित और पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है।

## उबेर कप में सिंधू के बिना युवा महिला टीम देगी चुनौती

# थॉमस कप खिताब बरकरार रखने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶ चेंगदू

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। उबेर कप में पी वी सिंधू के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी। दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था। पुरुष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैंपियनशिप की तरह है।

अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा। अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा। भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है। भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैंपियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं। तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं। इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है। भारत के एच एस प्रणय ने कहा, 'यह वर्ष कठिन होगा। मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं।'



### एकल और युगल खिलाड़ी

*दो साल पहले निर्णायक पांचवां एकल मुकाबला जीतने वाले प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद आए हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिए हैं। लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड में सेमीफाइनल तक पहुंचे। दो साल पहले सभी छह मैच जीतने वाले किदाम्बी श्रीकांत 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप फाइनल हार गए थे। तीसरे एकल की जिम्मेदारी प्रियांशु राजावत को भी दी जा सकती है जो बैंकाक में टीम का हिस्सा थे और पिछले साल ओरलियंस सुपर 300 खिताब जीता। युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विश्व टूर पर लगातार चार फाइनल जीते हैं। उनके अलावा ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर दूसरी जोड़ी होंगी।*


## पहचान की अपील



एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति का शव जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** 47 साल, **कद:** 5'7", **रंग:** सांवला, **शरीर**-पतला, **चेहरा**-अंडाकार, **पहनावा**-चेक शर्ट और चॉकलेट रंग की पैंट, चेहरे पर काले रंग की दाढ़ी और मूंछें व नंगे पैर है । जो दिनांक 22.04.2024 को कनॉट पैलेस चैम्बरी फुटपाथ के सामने, दिल्ली में बेहोशी की हालत में मिला। जिसे एलएचएमसी अस्पताल में एमएलसी नं. 789/24 पर भर्ती किया गया । जिसे इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित किया गया । इसके मृत शरीर को पहचान के लिए एलएचएमसी अस्पताल मोर्चरी, दिल्ली में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है । इस संदर्भ में **डीडी संख्या. 62A दिनांक 22.04.2024 को पुलिस थाना पहाड़गंज, दिल्ली** में दर्ज है ।
स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस मृत व्यक्ति का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना पहाड़गंज, दिल्ली
DP/4930/CD/2024
Ph. : 8750870427, 8750042525



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

गाड़ी सं. 01109/01110 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.-गोरखपुर जं.- छत्रपति शिवाजी महाराज ट. विशेष रेलगाड़ी — 04 फेरे

| गाड़ी सं. 01109 आगमन | गाड़ी सं. 01109 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 01110 आगमन | गाड़ी सं. 01110 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज ट. | 23:15 | — |
| 02:35 | 02:40 | लखनऊ | 16:50 | 16:55 |
| 08:20 | -- | गोरखपुर जं. | -- | 11:20 |

**चलने के दिन: 01109 छत्रपति शिवाजी महाराज ट.** से 28.04.2024 (रविवार) एवं 02.05.2024 (गुरूवार) को तथा **01110 गोरखपुर जं. से** 30.04.2024 (मंगलवार) एवं 04.05.2024 (शनिवार) को।
**स्थान:** 3 टियर वाता. इकॉनॉमी।
**ठहराव:** दादर, कल्याण जं., इगतपुरी, नाशिक रोड, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।

गाड़ी सं. 09557/09558 भावनगर ट.- दिल्ली कैंट - भावनगर ट. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 09557 आगमन | गाड़ी सं. 09557 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 09558 आगमन | गाड़ी सं. 09558 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 15:15 | भावनगर ट. | 12:25 | — |
| 13:10 | -- | दिल्ली कैंट | -- | 15:25 |

**चलने के दिन: 09557 भावनगर ट.** से 03.05.2024 से 28.06.2024 तक (शुक्रवार) तथा **09558 दिल्ली कैंट** से 04.05.2024 से 29.06.2024 तक (शनिवार)
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** भावनगर पारा, सिहोर जं., धोला जं., बोटाद, सुरेन्द्रनगर गेट, विरमगाम जं., चांदलोडिया 'बी', मेहसाना जं., पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर जं., किशनगढ़, फुलेरा जं., रींगस जं., नीम का थाना, नारनौल, रेवाड़ी जं. एवं गुड़गाँव स्टेशन।

गाड़ी सं. 09044 बरौनी जं.-बांद्रा टर्मिनस विशेष रेलगाड़ी — 01 फेरा

| स्टेशन | गाड़ी सं. 09044 आगमन | गाड़ी सं. 09044 प्रस्थान |
|---|---|---|
| बरौनी जं. | — | 10:20 |
| बारांबकी | 01:33 | 01:35 |
| बांद्रा टर्मिनस | 07:05 | -- |

**चलने के दिन: 09044 बरौनी जं.** से 29.04.2024 (सोमवार) को।
**स्थान:** शयनयान।
**ठहराव:** समस्तीपुर जं., मुज़फ्फरपुर जं., बापूधाम मोतिहारी, नरकटियागंज जं., गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., बाराबंकी, ऐशबाग, कानपुर सेंट्रल, इटावा जं., टूण्डला जं., आगरा किला, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., नागदा जं., रतलाम जं., गोधरा जं., वडोदरा जं., भरूच जं., सायन, सूरत, उधना जं., वलसाड, वापी, बोईसर एवं बोरीवली स्टेशन।

गाड़ी सं. 03423/03424 भागलपुर जं.- हरिद्वार- भागलपुर जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 03423 आगमन | गाड़ी सं. 03423 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 03424 आगमन | गाड़ी सं. 03424 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 13:55 | भागलपुर जं. | 21:20 | — |
| 17:55 | -- | हरिद्वार | -- | 19:55 |

**चलने के दिन: 03423 भागलपुर जं.** से 29.04.2024 से 24.06.2024 तक (सोमवार) तथा **एवं 03424 हरिद्वार** से 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बख्तियारपुर जं., पटना जं., आरा जं., बक्सर, प.दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर जं., अयोध्या धाम जं., लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद जं. एवं लक्सर जं. स्टेशन।

गाड़ी सं. 06225/06226 हुब्बल्लि जं.- योग नगरी ऋषिकेश- हुब्बल्लि जं. विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक) — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 06225 आगमन | गाड़ी सं. 06225 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 06226 आगमन | गाड़ी सं. 06226 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 21:45 | हुब्बल्लि जं. | 17:30 | — |
| 18:45 | -- | योग नगरी ऋषिकेश | -- | 17:55 |

**चलने के दिन: 06225 हुब्बल्लि जं.** से 29.04.2024 से 27.05.2024 तक (सोमवार) तथा **एवं 06226 योग नगरी ऋषिकेश** से 02.05.2024 से 30.05.2024 (गुरूवार)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं शयनयान।
**ठहराव:** धारवाड़, बेलगवि, घटप्रभा, मिरज जं., सातारा जं., पुणे, कोपरगांव, मनमाड जं., भुसावल जं., खंडवा जं., भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, ह. निज़ामुद्दीन, गाज़ियाबाद जं., मेरठ सिटी, खतौली, मुज़फ्फरनगर, देवबन्द, टपरी, रूड़की एवं हरिद्वार स्टेशन।

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
1266/2024
पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# तीनों सेनाओं को मिले 112 मेडिकल ग्रेजुएट, सशस्त्र बलों में दिया गया कमीशन

एजेंसी ▶▶ पुणे

सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के 58वें बैच की पासिंग आउट परेड गुरुवार को पुणे में आयोजित हुई। जिसमें पुणे के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को 25 अप्रैल को एक शानदार समारोह में सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया। इस विशिष्ट कार्यक्रम में भाग लेने वालों में वरिष्ठ सेवारत अधिकारी, अनुभवी, संकाय अधिकारी, चिकित्सा और नर्सिंग कैडेट, कमीशन प्राप्त कैडेटों के माता-पिता और परिवार शामिल थे। एएफएमसी में शानदार पासिंग आउट परेड समारोह लेफ्टिनेंट जनरल नरेंद्र कोटवाल, एवीएसएम, एसएम, वीएसएम, निदेशक और कमांडेंट और मेजर जनरल गिरिराज सिंह, डीन और डिप्टी कमांडेंट, एएफएमसी के संरक्षण में आयोजित किया गया।

*पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के कैप्टन देवाशीष शर्मा, कीर्ति चक्र परेड ग्राउंड में गुरुवार को समारोह में सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया।*

- डीजीएएफएमएस ने कमीशनिंग परेड की समीक्षा की
- मित्र देशों के 5 कैडेटों सहित कुल 147 कैडेट स्नातक हुए
- परेड की कमान मेडिकल कैडेट सुशील कुमार सिंह ने संभाली
- 112 कैडेटों में से 27 जेंटलमैन कैडेट हैं और 25 महिला कैडेट भी

## सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के 58वें बैच की पासिंग आउट परेड का आयोजन





### पूर्ण समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करें: महानिदेशक

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक ने कहा कि अधिकारियों को पूर्ण समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने नवनियुक्त अधिकारियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कैडेटों की अनुकरणीय शैक्षणिक उपलब्धियों के अनुरूप कमीशनिंग समारोह के बाद शैक्षणिक पुरस्कार प्रस्तुति समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष 'राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक' फ्लाइंग ऑफिसर आयुष जयसवाल को और 'कलिंग ट्रॉफी' सर्जन सब लेफ्टिनेंट बानी कौर को प्रदान किया गया।



### जनरल दलजीत सिंह ने की परेड की समीक्षा

रक्षा मंत्रालय मुताबिक पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के कैप्टन देवाशीष शर्मा, कीर्ति चक्र परेड ग्राउंड में गुरुवार को समारोह में सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे के 58वें बैच के 112 मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (डीजीएएफएमएस) के महानिदेशक और सेना चिकित्सा कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह थे। डीजीएएफएमएस ने कमीशनिंग परेड की समीक्षा की। परेड की कमान मेडिकल कैडेट (अब लेफ्टिनेंट) सुशील कुमार सिंह ने संभाली।

### 58वें बैच के कैडेटों ने किया प्रदर्शन

एएफएमसी के 58वें बैच के कैडेटों ने एमयूएचएस शीतकालीन 2023 परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन किया और मित्र देशों के 5 कैडेटों सहित कुल 147 कैडेट स्नातक हुए। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में नियुक्त 112 कैडेटों में से 27 जेंटलमैन कैडेट हैं और 25 महिला कैडेट हैं। बता दें कि इनमें से 88 को सेना, 10 को नौसेना और 14 को वायु सेना में नियुक्त किया गया है।

## खबर संक्षेप

### इटली की पीएम मेलोनी ने पीएम मोदी को किया आमंत्रित



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी से जून में वहां होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए निमंत्रण मिला है। पीएम मोदी ने 25 अप्रैल को इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी से टेलीफोन पर बातचीत की और जून में पुगलिया में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन के वास्ते निमंत्रण देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने ने मुक्ति दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्रधानमंत्री मेलोनी और इटली के लोगों को शुभकामनाएं दीं। ग्लोबल साउथ का समर्थन करने पर चर्चा की।

### भारतीय कंपनियों पर अमेरिका ने लगाया बैन



**नई दिल्ली।** अमेरिका ईरान के साथ कारोबार करने वाली एक दर्जन से ज्यादा कंपनियों को प्रतिबंधित कर दिया है। अमेरिका द्वारा जिन कंपनियों पर बैन लगाया है उसमें तीन कंपनियां भारतीय हैं। कंपनियों पर आरोप है कि रूस-युक्रेन युद्ध में इन कंपनियों ने रूस की मदद के लिए ईरान की सहायता से ड्रोन भेजे थे। इन कंपनियों ने ईरान के साथ मिलकर रूस के लिए डील में मदद की थी। ईरान द्वारा हुए इस डील में सहारा थंडर मुख्य कंपनी थी। इसी कंपनी ने ईरान के ड्रोन्स को अन्य देशों के साथ व्यापार करने में मदद की थी। सहारा थंडर को सहायता पहुंचाने के आरोप में तीन भारतीय कंपनियों पर बैन लगाया गया है। जिसमें जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्रा.लि. और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड हैं।

## नीदरलैंड विश्व ऊर्जा सम्मेलन में बोले इरेडा के सीएमडी प्रदीप कुमार दास

# भारत 2070 तक 'नेट जीरो उत्सर्जन' हासिल करने की दिशा में बढ़ रहा आगे

एजेंसी ▶▶ एम्स्टर्डम

नीदरलैंड में चल रहे विश्व ऊर्जा सम्मेलन में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास में कहा कि भारत का वर्ष 2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म-ईंधन ऊर्जा क्षमता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। उन्होंने वर्ष 2070 तक नेट जीरो उत्सर्जन हासिल करने की भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया। उन्होंने इंगित किया कि नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्थापित क्षमता में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर है।

*इरेडा के सीएमडी ने ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में भारत की यात्रा के बारे में जानकारी साझा की और देश के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के कार्य को आगे बढ़ाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।*

- *2030 तक 500 गीगावॉट गैर-जीवाश्म-ईंधन ऊर्जा का लक्ष्य*
- *नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में विश्व स्तर पर भारत चौथे स्थान पर*
- *ऊर्जा परिवर्तन के कार्य में तेजी लाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका*
- *विश्व ऊर्जा कांग्रेस पैनल ने मौजूदा वैश्विक ऊर्जा संकट पर भी चर्चा*



### बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर

ऊर्जा संकट पर भी चर्चा की गई। सीएमडी ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विविधीकरण और मजबूत बुनियादी ढांचे के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने मजबूत बिजली नेटवर्क के माध्यम से क्षेत्रीय बाजारों को एकीकृत करने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बांड बाजार को मजबूत बनाने की भी वकालत की।

### एनबीएफसी के रूप में कार्य करती है इरेडा

देश की सबसे बड़ी विशुद्ध हरित वित्त पोषण करने वाली एनबीएफसी के रूप में इरेडा ऊर्जा परिवर्तन के कार्य में तेजी लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सीएमडी ने जोखिमों को कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निजी क्षेत्र के भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नवीन वित्तीय साधनों के माध्यम से ऊर्जा परिवर्तन परियोजनाओं के लिए वित्तपोषण की सुविधा प्रदान करने में इरेडा के प्रयासों पर जोर दिया।

### सुरक्षा और जलवायु अनुकूलन पर चर्चा

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप कुमार दास ने नीदरलैंड में विश्व ऊर्जा कांग्रेस के 26वें संस्करण में 'नई परस्पर निर्भरता: विश्वास, सुरक्षा और जलवायु अनुकूलन' विषय पर पैनल चर्चा में भाग लिया। उसने ऊर्जा परिवर्तन की दिशा में भारत के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के कार्य को आगे बढ़ाने में इरेडा की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

## पाकिस्तान की लड़की के सीने में धड़का... 'हिंदुस्तानी' दिल

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

भारत के डॉक्टरों ने पाकिस्तान की लड़की के सीने में जब हिंदुस्तानी लड़के का दिल धड़काया तो पाकिस्तानी भी इसके मुरीद हो गए। कराची की रहने वाली आयशा रशन पिछले 5 सालों से दिल की बीमारी से पीड़ित थीं। 2019 में वह इलाज के लिए भारत आईं। डॉक्टरों ने पेस मेकर लगाया, लेकिन उसे दिक्कत आने लगी। आयशा के लिए एक भारतीय लड़के का दिल मैच हुआ, जिसके बाद चेन्नई के अस्पताल में उनका हार्ट



ट्रांसप्लांट किया गया। इसका डॉक्टरों ने एक भी पैसा नहीं लिया। जबकि इस पर 35 लाख रुपए खर्च आया है। इससे ज्यादा बड़ी बात क्या हो सकती है कि एक पाक बच्ची किसी भारतीय का दिल लेकर कराची आ रही है।

महिलाओं की मुश्किल
जटिल समस्याओं
का स्थायी समाधान अभी कॉल करें
7710644444

## दस्तक दे रहा अस्तित्व पर संकट

# जापान की आबादी में होंगे आधे बुजुर्ग, तेजी से घट रही जन्मदर



एजेंसी ▶▶ टोक्यो

जापान की आबादी 2008 में 128 मिलियन यानी 12.8 करोड़ थी। जो 2022 में घटकर 125 मिलियन यानी 12.5 करोड़ ही रह गई। अनुमान है यदि आबादी घटने की यही रफ्तार रही तो 2100 तक जनसंख्या 63 मिलियन ही रह जाएगी।

### अब एक और अनुमान

अब एक और डराने वाला अनुमान यह है कि जापान की कुल आबादी में बुजुर्गों की हिस्सेदारी 2100 तक 41.2 पर्सेंट हो जाएगी। इसका अर्थ है कि करीब आधे लोग जापान में बुजुर्ग ही होंगे। जापान में 2022 के आंकड़ों के अनुसार 15 से 64 साल यानी कामकाजी आबादी की 59 पर्सेंट ही रह गई, जो 20 साल पहले 68 पर्सेंट थी। 2100 तक यह आंकड़ा तेजी से कम होते हुए 51.2 तक ही ठहर जाएगा। जापान की इस घटती आबादी के कई कारण हैं। पहला यह कि बच्चों को पैदा करने और उनकी परवरिश में लोग बड़ा खर्च कर रहे हैं।

## अमेरिकी प्रतिबंधों की ढूंढी काट

# आईएनएटीसी कॉरिडोर को भारत रूस और ईरान करेगा विकसित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका समेत तमाम पश्चिमी देशों के लिए आर्थिक प्रतिबंध लगाना एक बड़ा हथियार बन चुका है। यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही अमेरिका और कई विकसित देशों ने रूस पर आर्थिक समेत कई किस्म के प्रतिबंध लगाए थे। ईरान-इजराइल के बीच तनानती के बीच भी अमेरिका ने ईरान पर बैन लगाए। ईरान से दोस्ती करने और व्यापार समझौते करने पर पाक को इसी तरह की पाबंदी की धमकी दी गई। ईरान से डील करने पर भारत की तीन कंपनियों समेत




एक दर्जन से ज्यादा कंपनियों पर भी अमेरिका ने पाबंदी लगी दी है। कंपनियों पर आरोप है कि यूक्रेन युद्ध में ईरान की तरफ से रूस को ड्रोन भेजे गए थे, जिसकी डील में ये शामिल रहे हैं। अमेरिका और पश्चिमी देशों ने मान्यताओं के खिलाफ जाने वाले देशों को इस तरह से प्रतिबंधित कर दंडित किया है।

## संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) की रिपोर्ट जारी

# सोशल मीडिया से लैंगिक रूढ़ियों व दकियानूसी सोच को मिल रहा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन ने रिपोर्ट जारी की गई है। इसमें डिजिटल टैक्नॉलॉजी से पढ़ाई-लिखाई और सीखने-सिखाने में मदद तो मिली है, मगर सोशल मीडिया से लैंगिक रूढ़ियों व दकियानूसी सोच को भी बढ़ावा मिल रहा है और लड़कियों के मानसिक स्वास्थ्य व कल्याण पर नकारात्मक असर हो रहा है। 'प्रौद्योगिकी अपनी शर्तों पर' नाम की यह रिपोर्ट यूनेस्को ने 25 अप्रैल को प्रकाशित की।



### बचाव के उपायों पर जोर

शिक्षा में अधिक स्तर पर निवेश किए जाने की अहमियत को रेखांकित किया गया है। खासतौर पर मीडिया व सूचना साक्षरता के विषय में साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म, यूनेस्को के दिशानिर्देशों के अनुरूप स्मार्ट ढंग से नियामन किया जाना होगा।

### लड़कियों में बढ़ सकता मानसिक तनाव

सोशल मीडिया पर मल्टीमीडिया सामग्री के उपलब्ध कराई जाती है। लेकिन इससे लड़कियों के यौन सामग्री से लेकर ऐसे वीडियो की जद में आने का ख़तरा है, जिनमें अनुचित बर्ताव या शारीरिक सुन्दरता के अवास्तविक मानकों का महिमांडन किया गया हो। इससे लड़कियों के लिए मानसिक तनाव बढ़ सकता है, उनके सम्मान को ठेस पहुंच सकती है।

**फेसबुक की रिसर्च का उल्लेख**

रिपोर्ट में फ़ेसबुक की रिसर्च का उल्लेख किया है। 32 फ़ीसदी किशोर लड़कियों ने बताया कि उन्हें अपने शरीर के बारे में बुरा महसूस होता है और इस वजह से इंस्टाग्राम नामक चैनल पर तो स्थिति और भी दयनीय है। वहीं, टिकटोक नामक चैनल पर संक्षिप्त अवधि के वीडियो शेयर किए जाते हैं।

### लड़कियों के लिए नकारात्मक छवि

सोशल मीडिया पर जिस तरह लड़कियों के लिए नकारात्मक दकियानूसी छवियों को गढ़ा जाता है, वो उन्हें विज्ञान, टैक्नॉलॉजी, इंजीनियरिंग व गणित विषयों में पढ़ाई से दूर ले जा सकती है। तस्वीर-आधारित यौन सामग्री, एआई से तैयार झूठी तस्वीरों व वीडियो (डीपफ़ेक) के ऑनलाइन व कक्षाओं में शेयर किए जाने से हालात और जटिल हो रहे हैं।



10 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे-गुलाब, हरड़, बहेड़ा, आंवला, हल्दी, तुलसी, पुनरनवा, पुदीना, सुहागा इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा प्लस' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आंखों में होने वाली समस्याओं जैसे आंखों की थकान, आंखों का सूखापन, आंखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल बनाने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आंखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109